# उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता (UPTET) परीक्षा-2021

## (CLASS : VI-VIII)

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 23 जनवरी, 2022)

## PART-I/भाग-I

## Child Development and Pedagogy
## बाल विकास एवं शिक्षण शास्त्र

**1. The main characteristic of basic instinct is that which is found**
**मूल प्रवृत्ति की एक प्रमुख विशेषता है जो पायी जाती है**

(a) Only in Cats and Rats
केवल चूहों तथा बिल्लियों में
(b) Only in human beings/केवल मनुष्यों में
(c) All organism and it is inborn and natural
सभी प्राणियों में तथा जन्मजात व प्राकृतिक होती है
(d) Only in Artists/केवल कलाकारों में

**Ans. (c) :** मूल प्रवृत्ति की एक प्रमुख विशेषता यह है कि ये सभी प्राणियों में पायी जाती है तथा जन्मजात व प्राकृतिक होती है।

**मैक्डूगल के अनुसार–** "मूल प्रवृत्ति परम्परागत या जन्मजात मनोशारीरिक प्रवृत्ति है, जो प्राणी को किसी निश्चित वर्ग की वस्तु को देखने, उसके प्रति ध्यान देने, उसे देखकर एक विशेष प्रकार की संवेगात्मक उत्तेजना का अनुभव करने और उससे सम्बन्धित एक विशेष ढंग से कार्य करने या कम से कम इस प्रकार की क्रिया के आवेग को अनुभव करने के लिए बाध्य करती है।"

**मैक्डूगल ने मूल प्रवृत्तियों की निम्न विशेषताएँ बतायी हैं–**

1. मूल प्रवृत्तियाँ जन्मजात होती हैं।
2. मूल-प्रवृत्तियाँ सभी प्राणियों में एकसमान पायी जाती हैं।
3. मूल प्रवृत्तियाँ आदत से भिन्न होती हैं।
4. मूल प्रवृत्तियाँ नष्ट नही होती हैं।

चूंकि प्रश्न में पूछी गयी विशेषता मैक्डूगल के द्वारा दी गई विशेषताओं से समानता प्रदर्शित करती है जो कि विकल्प (c) में है अतः विकल्प (c) सही है।

**2. The right to free and compulsory education for children between age group of 6 – 14 has been included in Indian Constitution as**
**भारतीय संविधान में 6 –14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार निम्न में शामिल है।**

(a) Article 15/अनुच्छेद 15 में
(b) Article 26/अनुच्छेद 26 में
(c) Article 45/अनुच्छेद 45 में
(d) Article 21A/अनुच्छेद 21ए में

**Ans. (d) :** भारतीय संविधान में 6-14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अनु.– 21(A) में शामिल है।

**अनु.- 21(A)** यह अनु. 86वें संविधान संशोधन 2002 द्वारा जोड़ा गया जिसमें 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है।

**अनु.- 15** राज्य किसी भी नागरिक के साथ जाति, धर्म, लिंग, जन्म स्थान और वंश के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकता है।

**अनु.- 26** धार्मिक कार्यों की स्वतंत्रता को दर्शाता है।

**अनु.- 45** अनु.-45, 6 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देख-रेख और शिक्षा का उपबंध दर्शाता है।

अनु-21(A) प्रश्नानुसार सभी तथ्यों को दर्शाता है अतः विकल्प (d) सही है।

**3. Kretschmer has classified the person in one of the following main types**
**क्रेशमर ने व्यक्ति को निम्न में से किस प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत किया है?**

(a) Athletic/सुडौलकाय
(b) Asthenic/लम्बकाय
(c) Picnic/गोलकाय
(d) All of these/इनमें से सभी

**Ans. (d) :** शरीर- रचना के दृष्टिकोण से क्रेशमर ने सन् 1925 में व्यक्तित्व को तीन प्रमुख प्रकारों में वर्गीकृत किया है–

**लम्बकाय (Asthenic)–** इस प्रकार के व्यक्ति दुबले–पतले होते हैं, लम्बकाय व्यक्ति को कृशकाय भी कहा जाता है। इनका सिर लम्बा, भुजाएँ पतली, सीना छोटा, हॉथ-पैर लम्बे व पतले होते हैं। ये दूसरों की आलोचना करना पसंद करते हैं।

**सुडौलकाय (Athletic)–** इस प्रकार के व्यक्ति हष्ठ-पुष्ठ और स्वस्थ होते हैं। इनका सीना चौड़ा, उभरी हुई मजबूत भुजाएँ होती हैं। ये दूसरों से इच्छानुसार समायोजन कर लेते हैं।सुडौलकाय व्यक्ति को पुष्टकाय भी कहा जाता है।

**गोलकाय (Pyknic)–** इस प्रकार के व्यक्ति कद में नाटे, छोटे गोल और चर्बी वाले होते हैं। ये सामाजिक होते हैं। गोलकाय व्यक्तियों को स्थूलकाय भी कहा जाता है।

–चूंकि ये सभी प्रकार क्रेशमर ने वगीकृत किये हैं अतः विकल्प (d) सही है।

**4. Purpose of T.E.T. is measure which of the following?**
**टी.ई.टी. का उद्देश्य निम्न में किसका मापन है?**

(a) Aptitude/अभिक्षमता
(b) Intelligence/बौद्धिक क्षमता
(c) Attitude/अभिवृत्ति
(d) Values/मूल्य



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) :** टी.ई.टी. का उद्देश्य अभिक्षमता का मापन करना है। अभिक्षमता/अभियोग्यता किसी क्षेत्र विशेष में व्यक्ति की कार्य कुशलता की विशिष्ट योग्यता या विशिष्ट क्षमता अथवा भावी सफलता के अनुमान को इंगित करती है। विशिष्ट अभिक्षमता परीक्षण किसी विशिष्ट क्षेत्र में व्यक्ति की अभिक्षमता का मापन करने के लिए प्रयोग की जाती है। टैक्सलर के अनुसार - ''अभिक्षमता व्यक्ति में विद्यमान कोई दशा, गुण अर्थात् गुणों का समुच्चय होता है जो किसी ज्ञान, बोध, कौशल अथवा ज्ञान, बोध व कौशल के समोहन की उस सीमा का द्योतक होता है जिसे वह व्यक्ति उचित प्रशिक्षण में प्राप्त करने योग्य हो सकेगा।''

**जैसे-** टी.ई.टी. (शिक्षक पात्रता परीक्षा), यांत्रिक अभिक्षमता परीक्षण, चिकित्सीय अभिक्षमता परीक्षण आदि इसी प्रकार के परीक्षण के उदाहरण हैं।

**5. Consolidation theory explain which of the following?/संघनन का सिद्धान्त निम्न में से किसकी व्याख्या करता है?**

(a) Memory/स्मृति

(b) Learning/अधिगम

(c) Motivation/अभिप्रेरणा

(d) Creativity/सृजनात्मकता

**Ans. (a) :** संघनन का सिद्धान्त स्मृति की व्याख्या करता है। यह सिद्धांत मूल रूप से निर्णय निर्माण की प्रक्रिया तथा प्रस्तुतीकरण के तरीके को व्याख्यायित करता है। इस सिद्धांत के अनुसार मनुष्य के मस्तिष्क में असंख्य सूचनाएँ संघनित रहती हैं। मनुष्य वही सूचना के द्वारा निर्णय का निर्माण करता है जो समस्या समाधान में सहायक होती है। अतः वही व्यक्ति निर्णय निर्माण में दक्ष होगा जो सृजनशील होगा। संघनन का सिद्धांत मस्तिष्क में सूचनाओं के संचयन से सम्बन्धित है जबकि अधिगम, अभिप्रेरणा, सृजनात्मकता से संबंध नहीं रखता है।

अतः विकल्प (a) सही है।

**6. Who has given the Concept of Educational Quotient for backward children?/पिछड़े बालकों के लिए शैक्षिक लब्धि की अवधारणा किसने दी है?**

(a) Schonell/शोनेल (b) Gorden/गोर्डेन

(c) Burton Hall/बर्टन हाल (d) Cyril Burt/सिरिल बर्ट

**Ans. (d) :** पिछड़े बालकों के लिए शैक्षिक लब्धि की अवधारणा सिरिल बर्ट ने दी है।

**बर्ट के अनुसार–**जिस बालक की शैक्षिक लब्धि 85 से कम होती है उसे पिछड़ा बालक कहा जा सकता है।

पिछड़े बालकों के शैक्षिक निष्पत्ति को प्राप्त करके प्रतिशत के अलावा प्रायः शैक्षिक लब्धि अर्थात् E.Q. के द्वारा व्यक्त करते हैं।

$$\left[\text{शैक्षिक लब्धि E.Q.} = \frac{\text{शैक्षिक आयु (E.A.)}}{\text{दैहिक आयु (C.A.)}} \times 100\right]$$

जहाँ E.A. = Educational age

C.A. = Chronological age

**7. Which among the following is different from characteristics of a good test?**
**निम्न में से कौन-सा एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं से भिन्न है?**

(a) Validity/वैधता

(b) Reliability/विश्वसनीयता

(c) Objectivity/वस्तुनिष्ठता

(d) Aptitude/अभिक्षमता

**Ans. (d) :** अभिक्षमता; किसी एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं से भिन्न है।

**डगलस व हॉलैण्ड के अनुसार–**उत्तम परीक्षा में अनेक विशेषताओं का होना आवश्यक है और ये विशेषताएँ प्रत्येक परीक्षण के निर्माण के आधारभूत सिद्धांत हो जाते हैं।

चूंकि कोई भी परीक्षण, उत्तम तभी माना जायेगा जब उसमें वैधता, विश्वसनीयता, वस्तुनिष्ठता, व्यावहारिकता, सरलता जैसी विशेषताएँ शामिल हों जबकि अभिक्षमता एक उत्तम परीक्षण की विशेषताओं में नहीं आता है। अतः विकल्प (d) सही है।

**8. Which of the following is not theory of intelligence?**
**निम्न में से कौन-सा बुद्धि का सिद्धान्त नहीं है?**

(a) Two factor theory/द्वि तत्व का सिद्धांत

(b) Unifactor theory/एक तत्व का सिद्धांत

(c) Theory of regression/प्रत्यागमन का सिद्धांत

(d) Multifactor theory/बहुतत्व का सिद्धांत

**Ans. (c) :** प्रत्यागमन का सिद्धांत, बुद्धि के सिद्धांत से सम्बन्धित नहीं है।

**प्रत्यागमन का सिद्धांत–** यह सिद्धांत वंशानुक्रम के सिद्धांत के अन्तर्गत आता है, जिसके प्रतिपादक 'मनोवैज्ञानिक सोरेन्सन' हैं। प्रत्यागमन के नियम के अनुसार– 'संतान में माता-पिता के विपरीत गुण पाये जाते हैं।'

**सोरेन्सन के अनुसार–**'प्रतिभाशाली माता-पिता की कम प्रतिभाशाली संतान होने की प्रवृत्ति और निम्न कोटि के माता-पिता की कम निम्न कोटि की संतान होने की प्रवृत्ति प्रत्यागमन है।'

जबकि द्वितत्व का सिद्धांत–स्पीयरमैन, एकतत्व का सिद्धांत–बिने टरमैन, स्टर्न, बहुतत्व का सिद्धांत–थार्नडाइक; ये सभी बुद्धि के सिद्धांत हैं जो प्रत्यागमन के सिद्धांत से भिन्न हैं। अत : विकल्प (c) सही है।

**9. Which one of following is not ductless glands?**
**निम्नलिखित में से कौन अन्तःस्रावी ग्रन्थि नहीं है?**

(a) Pituitary glands/पीयूष ग्रन्थि

(b) Adrenal glands/एड्रिनल ग्रन्थि

(c) Salivary glands/लार ग्रन्थि

(d) Thyroid glands/थॉयराइड ग्रन्थि



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (c) :** लार ग्रन्थि को अन्तः स्रावी ग्रन्थि के अन्तर्गत नहीं माना जाता है।

**अंतःस्रावी तंत्र –** अन्तःस्रावी तंत्र के अन्तर्गत आठ मुख्य अंतःस्रावी ग्रंथियाँ जैसे- पीयूष ग्रंथि, थायराइड ग्रंथि, वृक्क ग्रंथि (एड्रिनल ग्रंथि) अग्नाशय ग्रंथि, पैरा-थायराइड ग्रंथि, जनन ग्रंथि आती हैं जो रूधिर में तरह-तरह के हार्मोन्स छोड़ती हैं। ये हार्मोन्स शरीर के विभिन्न अंगों तक पहुंचकर उनके कार्यों को नियमित बनाते हैं। लार ग्रंथि एक बहिःस्रावी ग्रंथि है इसको अंतःस्रावी के अन्तर्गत नहीं रखा गया है। अतः विकल्प (c) सही है।

**10. According to Piaget the second stage of cognitive development is–/पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की द्वितीय अवस्था है**

(a) Formal operations stage/औपचारिक संक्रिया अवस्था
(b) Sensory motor stage/संवेदनात्मक गामक अवस्था
(c) Pre-operational stage/पूर्व संक्रियात्मक अवस्था
(d) Concrete operations stage/मूर्त संक्रिया अवस्था

**Ans. (c) :** पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास की द्वितीय अवस्था पूर्व संक्रियात्मक अवस्था है।

पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास की चार अवस्थाएँ बतायी हैं–

1. संवेदी गामक अवस्था (जन्म से 2 वर्ष)
2. पूर्व संक्रियात्मक अवस्था (2 से 7 वर्ष)
3. मूर्त संक्रिया अवस्था (7 से 11 वर्ष)
4. औपचारिक संक्रिया अवस्था (11 से 15 वर्ष)

चूंकि प्रश्नानुसार द्वितीय अवस्था– पूर्व संक्रियात्मक अवस्था है अतः विकल्प (c) सही है।

**11. Which of the following is the most subjective method of educational psychology?**
**निम्न में से कौन-सा शिक्षा मनोविज्ञान की सर्वाधिक व्यक्तिनिष्ठ विधि है?**

(a) Extrospection/बहिर्दर्शन
(b) Introspection/अन्तर्दर्शन
(c) Observation/निरीक्षण
(d) Experimentation/प्रयोगीकरण

**Ans. (b) :** अन्तर्दर्शन; शिक्षा मनोविज्ञान की सर्वाधिक व्यक्तिनिष्ठ विधि है।

**अन्तर्दर्शन या आत्मनिरीक्षण विधि–** आत्मनिरीक्षण का अर्थ है– 'मस्तिष्क द्वारा अपनी स्वयं की क्रियाओं का निरीक्षण'

**बी.एन.झॉ के अनुसार–**आत्म निरीक्षण अपने स्वयं के मन का निरीक्षण करने की प्रक्रिया है। यह एक प्रकार का आत्मनिरीक्षण है जिसमें हम किसी मानसिक क्रिया के समय अपने मन में उत्पन्न होने वाली स्वयं की भावनाओं और सब प्रकार की प्रतिक्रियाओं का निरीक्षण, विश्लेषण और वर्णन करते हैं।

आत्मनिरीक्षण विधि, शिक्षा मनोविज्ञान की व्यक्तिनिष्ठ विधि के अन्तर्गत आती है जबकि विकल्प में दी गयी विधियाँ (बहिर्दर्शन विधि तथा प्रयोगीकरण विधि) शिक्षा मनोविज्ञान की वस्तुनिष्ठ विधियों के अन्तर्गत आती हैं।

अतः विकल्प (b) सही है।

**12. Albert Bandura is associated with which of the following?**
**एल्बर्ट बण्डूरा निम्न में से किससे सम्बन्धित है?**

(a) Behavioural Theory/व्यवहारवादी सिद्धान्त
(b) Social Learning Theory
सामाजिक अधिगम सिद्धान्त
(c) Cognitive Development Theory
संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत
(d) Psychosexual Development
मनोलैंगिक विकास

**Ans. (b) :** एल्बर्ट बंडूरा ने सीखने के सामाजिक अधिगम सिद्धांत को प्रस्तुत किया। बंडूरा के अनुसार प्राणी वातावरणीय उद्दीपकों के प्रति यन्त्रवत् अनुक्रिया नहीं करता है वरन् अनेक विकल्पों में से किसी एक विकल्प को अपने पूर्व अनुभवों तथा अन्तर्दृष्टि की सहायता से छाँटता है। सामाजिक अधिगम सिद्धांत के अनुरूप सीखते समय सर्वप्रथम सीखने वाले के समक्ष ऐसे अनेक अवसर प्रस्तुत किये जाते हैं कि वह निदर्श (Model) के रूप में कार्य करने वाले व्यक्ति के व्यवहार को स्वतः देख सके। प्रश्नानुसार व्यवहारवादी सिद्धांत–थार्नडाइक से, संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत– जीन पियाजे से तथा मनोलैंगिक विकास– फ्रॉयड से संबंधित है। अतः विकल्प (b) सही है।

**13. Plateau in learing curve is caused due to**
**अधिगम में पठार निम्न में से किस कारण बनता है?**

(a) Motivation/अभिप्रेरणा द्वारा
(b) Maturation/परिपक्वता द्वारा
(c) Fatigue/थकान द्वारा
(d) Interest/रुचि द्वारा

**Ans. (c) :** अधिगम में पठार थकान द्वारा बनता है।

**रॉस के अनुसार–** सीखने की प्रक्रिया की एक प्रमुख विशेषता पठार है। ये उस अवधि को बताते हैं जब सीखने की प्रक्रिया में कोई उन्नति नहीं होती है।''

**अधिगम के पठार के कारणों में प्रमुख–** ज्ञानावरोध, थकान, प्रेरणा की सीमा, शारीरिक क्षमताबोध, सीखने की अनुचित विधियों का प्रयोग आदि हैं जबकि अभिप्रेरणा द्वारा, परिपक्वता द्वारा तथा रूचि द्वारा अधिगम में पठार नहीं उत्पन्न होता है।

अतः विकल्प (c) सही है।

**14. Mirror Drawing Test is used to measue**
**दर्पण चित्र परीक्षण किसे मापन हेतु प्रयुक्त होता है?**

(a) Transfer of learning/अधिगम अन्तरण को
(b) Rate of learning/अधिगम की गति को
(c) Creativity/सृजनात्मकता को
(d) Interest/अभिरुचि को



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) : दर्पण चित्र परीक्षणः** अधिगम अन्तरण को मापने हेतु प्रयुक्त होता है दर्पण चित्र परीक्षण एक मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन है जिसका उपयोग सीखने की दर, हाथ, आँख के समन्वय और न्यूरोसाइकोलॉजिकल क्षति को मापने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण सीखने की प्रक्रिया की प्रकृति की विश्लेषण और निरीक्षण करने और दृश्य स्थानिक और अधिगम के बीच सम्बन्धों को अध्ययन करने के लिए एक प्रयोगात्मक उपकरण के रूप में बनाया गया है। जबकि अधिगम की गति, सृजनात्मकता तथा अभिरुचि का संबंध दर्पण चित्र परीक्षण से नहीं है। अतः विकल्प (a) सही है।

**15. Cloud Picture Test is used to measure which of the following ?**
**क्लाउड पिक्चर परीक्षण निम्न में से किसके मापन में प्रयुक्त होता है?**

(a) Personality/व्यक्तित्व (b) Intelligence/बुद्धि
(c) Aptiutude/अभिक्षमता (d) Interest/अभिरुचि

**Ans. (a) :** क्लाउड पिक्चर परीक्षण; व्यक्तित्व के मापन में प्रयुक्त होता है। यह व्यक्तित्व मापन की एक प्रक्षेपी विधि है। क्लाउड पिक्चर परीक्षण 'विलियम स्टर्न' ने दिया है; इसमें तीन चित्रों की शृंखला शामिल होती है जो स्याही–धब्बों के बजाय बादलों से मिलते-जुलते हैं।

चित्र ए– सबसे विशिष्ट रंगों और रूपों को प्रस्तुत करता है।

चित्र बी– एक मध्यवर्ती स्थिति पर है।

चित्र सी– सबसे अस्पष्ट है।

इन चित्रों में कोई समरूपता या अन्य नियमितता नहीं है इस परीक्षण में क्लाउड के चित्र दिखाकर पूछा जाता है कि क्लाउड किसके जैसा दिखाता है और उत्तरदाता बादल के चित्रों का अवलोकन करके जवाब देते हैं कि वह किस प्रकार का है। बुद्धि, अभिक्षमता, अभिरूचि; क्लाउड पिक्चर परीक्षण से संबंध नहीं रखते हैं। अतः विकल्प (a) सही है।

**16. What is the factor influencing physical development in the following?**
**निम्न में से शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाला कारक क्या है?**

(a) Environment/वातावरण
(b) Heredity/वंशानुक्रम
(c) Sports and exercise/खेल तथा व्यायाम
(d) All of these/इनमें से सभी

**Ans. (d) :** किसी बालक के शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाले कारक वंशानुक्रम, वातावरण, पौष्टिक भोजन, खेल तथा व्यायाम परिवार की स्थिति, नियमित दिनचर्या आदि हैं। चूंकि विकल्प में दिये गये सभी कारक शारीरिक विकास को प्रभावित करते हैं अतः विकल्प (d) सही है।

**17. Which of the following is correct formula to calculate I.Q. ?**
**बुद्धि लब्धि की गणना का सही सूत्र निम्नलिखित में से कौन है?**

(a) $\frac{\text{वास्तविक आयु}}{\text{मानसिक आयु}} / \frac{\text{C.A.}}{\text{M.A.}}$

(b) $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100 / \frac{\text{M.A.}}{\text{C.A.}} \times 100$

(c) $\frac{\text{वास्तविक आयु}}{\text{मानसिक आयु}} \times 100 / \frac{\text{C.A.}}{\text{M.A.}} \times 100$

(d) $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु} \times 100} / \frac{\text{M.A.}}{\text{C.A.} \times 100}$

**Ans. (b) :** बुद्धि को मापने के लिए बुद्धिलब्धि (I.Q.) का आविष्कार मनोवैज्ञानिक टरमैन ने किया। टरमन के द्वारा प्रतिपादित बुद्धिलब्धि की गणना का सूत्र निम्न है-

$$\left[\text{बुद्धिलब्धि} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100\right]$$

$$\left[\text{I.Q.} = \frac{\text{M.A.}}{\text{C.A.}} \times 100\right]$$

**18. Who described 'Reflective Thinking' from the following?/विचारात्मक चिन्तन की चर्चा निम्न में से किसने की है?**

(a) Ross/रास (b) Dewey/डीवी
(c) Woodworth/वुडवर्थ (d) Drever/ड्रेवर

**Ans. (b) :** विचारात्मक चिन्तन की चर्चा डीवी ने की है। यह सबसे उच्च प्रकार का चिन्तन है। इसका सम्बन्ध किसी समस्या के समाधान से होता है। डीवी ने इस बात पर भी बल दिया कि 'चिन्तन की जटिल प्रक्रिया को समझने के लिए प्रत्यय निर्माण, तर्क तथा समस्या समाधान के विषय में अध्ययन करना आवश्यक है।

**रॉस के अनुसार–**चिन्तन; मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पहलू है क्योंकि रॉस, वुडवर्थ और ड्रेवर ने चिंतन के पक्ष में अपनी परिभाषाएँ व भिन्न-भिन्न मत दिये हैं जबकि विचारात्मक चिन्तन को डीवी ने प्रतिपादित किया है। अतः विकल्प (b) सही है।

**19. Which is not included in the levels of inductive reasoning?**
**आगनात्मक तर्क के स्तरों में कौन शामिल नहीं है?**

(a) Experiment/प्रयोग
(b) Observation/अवलोकन
(c) Generalization/सामान्यीकरण
(d) Imagination/कल्पना



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (d) :** आगमनात्मक तर्क के स्तरों में कल्पना शामिल नहीं है।
**आगमनात्मक तर्क–** इस तर्क में व्यक्ति अपने अनुभवों या अपने द्वारा संकलित तथ्यों के आधार पर किसी सामान्य नियम या सिद्धांत का निरूपण करता है। इसमें वह तीन स्तरों से होकर गुजरता है– निरीक्षण, परीक्षण, सामान्यीकरण। **उदाहरणार्थ-**जब माँ घर लौटने पर बच्चे को रोता हुआ पाती है तब वह उसके रोने के कारणों की खोज करके इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि वह भूख के कारण रो रहा है। इस प्रकार इस विधि में हम विशिष्ट सत्य से सामान्य सत्य की ओर अग्रसर होते हैं।
**भाटिया के अनुसार–** आगमन विधि, खोज और अनुसंधान की विधि है। चूंकि विकल्प में दिये गये तीनों स्तर, आगमनात्मक तर्क से सम्बन्धित हैं जबकि कल्पना; आगमनात्मक तर्क के स्तरों में शामिल नहीं है। अतः विकल्प (d) सही है।

**20. Failure in retention and recall of learner content is–/सीखी गयी बात को धारण और पुनः स्मरण करने में असफल होना**

(a) Memory/स्मरण है (b) Forgetting/विस्मरण है
(c) Retention/धारणा है (d) Thinking/चिन्तन है

**Ans. (b) :** सीखी गयी बात को धारण और पुनः स्मरण करने में असफल होना विस्मरण है।
**ड्रेवर के अनुसार–**''विस्मृति का अर्थ है– किसी समय प्रयास करने पर भी किसी पूर्व अनुभव का स्मरण करने या पहले सीखे हुए किसी कार्य को करने में असफलता।''
**रायबर्न के अनुसार–** '' जो बात पहले सीखी जा चुकी है, उसे स्मरण रखना ही स्मृति है।
**धारण–** स्मृति का दूसरा अंग है। इसका अर्थ है– सीखी हुई बात को मस्तिष्क में संचित रखना।
**चिन्तन–** चिन्तन विचार करने की वह मानसिक प्रक्रिया है जो किसी समस्या के कारण आरम्भ होती है और उसके अन्त तक चलती रहती है। विस्मरण; प्रश्नानुसार परिभाषा की पुष्टि करता है। अतः विकल्प (b) सही है।

**21. Five years old Mohan has mental age of eight. What is his I.Q.?**
**पाँच वर्ष के मोहन की मानसिक आयु आठ वर्ष है, उसकी बुद्धि लब्धि कितनी है?**

(a) 160 (b) 150
(c) 140 (d) 135

**Ans. (a) :** पाँच वर्ष के मोहन की मानसिक आयु 8 वर्ष है, उसकी बुद्धिलब्धि 160 होगी।

$$\left[\text{बुद्धि लब्धि (I.Q.)} = \frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{वास्तविक आयु}} \times 100\right]$$

प्रश्नानुसार,
मानसिक आयु = 8 वर्ष
वास्तविक आयु = 5 वर्ष
बुद्धि लब्धि (I.Q.) = 160
अत : विकल्प (a) सही है।

**22. Which I.Q. range is called trainable IQ level of mentally retarded children?**
**इनमें से कौन-सा आई.क्यू. स्तर मन्दबुद्धि बालकों का प्रशिक्षण योग्य आई.क्यू. स्तर कहलाता है?**

(a) 50 – 69
(b) 70 – 79
(c) 36 – 49
(d) 35 and below/35 एवं निम्न

**Ans. (c) : मन्दबुद्धि बालक–** ऐसे बच्चों को जिनमें बौद्धिक न्यूनता होती है उन्हें बौद्धिक रूप से अशक्त बालक या मन्द बुद्धि बालक कहा जाता है।
मन्द बुद्धि बालकों की बुद्धिलब्धि में भी व्यैक्तिक भिन्नताएँ पायी जाती हैं। उनमें से कुछ बालकों को विशेष ध्यान देकर साधारण प्रकार के कार्य करना सिखाया जा सकता है परंतु कुछ ऐसे भी बालक हैं जिन्हें प्रशिक्षण नहीं दिया जा सकता है और उन्हें जीवन भर संस्थागत देखभाल की आवश्यकता पड़ती है।
**बौद्धिक अशक्तता के विभिन्न वर्ग इस प्रकार होते हैं–**
निम्न (बुद्धिलब्धि 55–लगभग 70), सामान्य (35-40 से लगभग 50–55), तीव्र (20–25 से लगभग 35–40), अतिगंभीर (20–25 से कम), 70–79 – सीमावर्ती बालक
**नोट–** प्रश्नानुसार मन्दबुद्धि बालकों का प्रशिक्षण योग्य आई.क्यू.स्तर दिये गये विकल्प (a), (c), (d) तीनों से सम्बन्ध रखता है परन्तु PNP ने इसका स्तर विकल्प (c) को माना है।

**23. Rorschach ink blot test is used to measure which of the following?**
**रोर्शा इंक ब्लॉट टेस्ट का प्रयोग निम्न में से किसके मापन हेतु किया जाता है?**

(a) Intelligence/बुद्धि (b) Personality/व्यक्तित्व
(c) Interest/रुचि (d) Aptitude/अभिक्षमता

**Ans. (b) :** रोर्शा इंक ब्लाट टेस्ट का प्रयोग व्यक्तित्व के मापन हेतु किया जाता है।
**रोर्शा इंक-ब्लाट टेस्ट–** रोर्शा का स्याही– धब्बा परीक्षण सबसे अधिक प्रयोग किया जाने वाला व्यक्तित्व परीक्षण हैं। इसका निर्माण स्विटजरलैण्ड के विख्यात मनोरोग चिकित्सक हरमन रोर्शा ने 1921 में किया था। इस परीक्षण में स्याही के धब्बों के 10 कार्डों का प्रयोग किया जाता है। इन कार्डों में से 5 बिल्कुल काले हैं, 2 काले व लाल हैं और 3 अनेक रंगों के हैं। जिस मनुष्य के व्यक्तित्व का परीक्षण किया जाता है, उसे ये कार्ड निश्चित समय के अन्तर के बाद एक-एक करके दिखाये जाते हैं। फिर उससे पूछा जाता है कि उसे प्रत्येक कार्ड के धब्बों में क्या दिखाई दे रहा है। परीक्षार्थी धब्बों में जो भी आकृतियॉं देखता है, उनको बताता है और परीक्षक उसके उत्तरों को सविस्तार लिखता है। इस प्रकार इस परीक्षण द्वारा व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व का मापन किया जाता है।
जबकि बुद्धि, रूचि और अभिक्षमता के मापन हेतु इस टेस्ट का प्रयोग नहीं किया जाता है। अतः विकल्प (b) सही है।


www.SarkariTeachers.com

**24. It is not the cause of forgetting**
**यह विस्मृति का कारण नहीं है**

(a) Desire to remember/स्मरण करने की इच्छा
(b) Under learning/सीखने में कमी
(c) Mental conflict/मानसिक द्वन्द
(d) Defective methods of remembering सीखने की दोषपूर्ण विधियाँ

**Ans. (a) :** स्मरण करने की इच्छा विस्मृति का कारण नहीं है अपितु विस्मृति के कारण – सीखने में कमी, मानसिक द्वन्द्व, सीखने की दो दोषपूर्ण विधियां आदि हैं।
**वुडवर्थ के अनुसार–** जो बात पहले सीखी जा चुकी है उसे स्मरण रखना ही स्मृति है। क्योंकि स्मरण करने की इच्छा स्मृति का कारण है न कि विस्मृति का होगा। अतः विकल्प (a) सही है।

**25. The science which deals with the method of collecting, classifying, presenting, comparing and interpreting numerical data is called–**
**वह विज्ञान जो संख्यात्मक प्रदत्त को एकत्र करने, विभाजित करने, प्रस्तुत करने, तुलना करने और व्याख्या करने की विधि से सम्बन्धित है, वह कहलाता है**

(a) Mathematics/गणित
(b) Statistics/सांख्यिकी
(c) Geometry/ज्यामिति
(d) Probability/सम्भाव्यता

**Ans. (b) :** वह विज्ञान जो संख्यात्मक प्रदत्त को एकत्र करने, विभाजित करने, प्रस्तुत करने, तुलना करने और व्याख्या करने की विधि से संबंधित है 'सांख्यिकी' कहलाता है जबकि गणित, ज्यामिति सम्भाव्यता प्रश्नानुसार दी गयी परिभाषा से संबंधित नहीं हैं। अतः विकल्प (b) सही है।

**26. Find the odd one out./निम्न में कौन शेष से भिन्न है?**

(a) 16–P.F./16-पी.एफ.
(b) T.A.T./टी.ए.टी.
(c) Ravan's test/रैवेन का परीक्षण
(d) Draw a man test/ड्रा ए मैन परीक्षण

**Ans. (c) :** रैवेन का परीक्षण शेष दिये गये विकल्पों से भिन्न है।
**रैवेन का परीक्षण–** यह बुद्धि मापन के अशाब्दिक परीक्षणों का एक उदाहरण है जिसमें परीक्षार्थी को एक अपूर्ण प्रतिरूप दिखाया जाता है और उसे दिए गये अनेक वैकल्पिक प्रतिरूपों में से उस विकल्प को चुनना होता है जिससे अपूर्ण प्रतिरूप पूरा हो सके 16–पी.एफ., टी.ए.टी. तथा ड्रा ए मैन परीक्षण का संबंध व्यक्तित्व के मापन से है जिसमें टी.ए.टी., ड्रा ए मैन परीक्षण व्यक्तित्व मापन की प्रक्षेपी विधियाँ हैं तथा 16-पी.एफ. व्यक्तित्व मापन की वस्तुनिष्ठ विधि है। अतः विकल्प (c) सही है।

**27. The median of 7,8,9,10,11,12 is-**
**7,8,9,10,11,12 का मध्यांक है-**

(a) 9 (b) 8
(c) 10 (d) 9.5

**Ans. (d) :** 7,8,9,10,11,12, का मध्यांक 9.5 है।
पहले आँकड़ों को क्रम में लिखेंगे–
7,8,9,10,11,12

अतः $\left[\text{मध्यांक} = \frac{N+1}{2}\text{वी संख्या}\right]$

मध्यांक $= \frac{9+10}{2} = \frac{19}{2} = 9.5$

(9 प्रश्नानुसार, 3 स्थान पर तथा 10 चौथे स्थान पर अतः 3.5वीं संख्या 9 से 10 के बीच की होगी)

$\because 3.5\text{वीं संख्या} = \frac{9+10}{2} = \frac{19}{2} = 9.5$

अतः विकल्प (d) सही है।

**28. Who has propounded the theory of insight ?**
**सूझ या अन्तर्दृष्टि के सिद्धांत का प्रतिपादन किया**

(a) Gestalt Psychologist/गेस्टाल्टवादी मनोवैज्ञानिक
(b) Thorndike/थॉर्नडाइक
(c) Hegarty/हेगार्टी
(d) Skinner/स्किन्नर

**Ans. (a) :** सूझ या अन्तर्दृष्टि के सिद्धान्त का प्रतिपादन गेस्टाल्टवादी मनोवैज्ञानिकों ने किया।
**सूझ या अन्तर्दृष्टि का सिद्धांत–** सूझ या अर्न्तदृष्टि के सिद्धांत के प्रमुख समर्थक 'गेस्टाल्टवादी' हैं। इनके मतानुसार व्यक्ति या प्राणी 'संबंध–प्रतिक्रिया' तथा 'प्रयत्न' और भूल' से न सीखकर 'सूझ' द्वारा सीखते हैं। सर्वप्रथम प्राणी अपने आस-पास की परिस्थिति के विभिन्न अंगों में पारस्परिक सम्बन्धों की स्थापना करता है, सम्पूर्ण परिस्थितियों को समझने का प्रयास करता है; तत्पश्चात् उसके अनुसार अपनी प्रतिक्रिया करता है।
**गुड के अनुसार–** 'सूझ, यथार्थ स्थिति का आकस्मिक, निश्चित और तत्कालीन ज्ञान है।''
**गेस्टाल्टवादियों में प्रमुख मनोवैज्ञानिक–** कोहलर, कोफ्का और वर्दीमर हैं जबकि थार्नडाइक, हेगार्टी तथा स्किनर सूझ सिद्धांत से संबंध नहीं रखते हैं। अतः विकल्प (a) सही है।

**29. According to McDougall, every instinct is associated with–/मैक्डूगल के अनुसार प्रत्येक मूल प्रवृत्ति से सम्बद्ध होता है**

(a) Emotion/संवेग (b) Cognition/संज्ञान
(c) Sensation/संवेदना (d) Thinking/कल्पना



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) :** मैक्डूगल के अनुसार प्रत्येक मूल प्रवृत्ति संवेग से संबंधित होती है।

**मूल प्रवृत्तियाँ–** वे जन्मजात प्रवृत्तियाँ जो मनुष्य और पशु को कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं, मूल प्रवृत्ति कहा जाता है।

**वुडवर्थ के अनुसार–** "मूल प्रवृत्ति, कार्य करने के बिना सीखा हुआ स्वरूप है।"

**विलियम मैक्डूगल** को मूल प्रवृत्तियों का जनक माना जाता है इन्होंने 14 प्रकार की मूलप्रवृत्तियों की सूची दी है और यह भी बताया कि प्रत्येक मूल प्रवृत्ति एक संवेग से संबंधित होती हैं।

| मूल प्रवृत्ति | सम्बद्ध संवेग |
|---|---|
| पलायन | भय |
| युयुत्सा | क्रोध |
| निवृत्ति | घृणा |
| वात्सल्य | पुत्र-कामना |
| शरणागति | कष्ट |
| जिज्ञासा | आश्चर्य |
| काम-प्रवृत्ति | कामुकता |
| दैन्यभाव | आत्महीनता |
| आत्मस्थापना | आत्माभिमान |
| सामूहिकता | एकाकीपन |
| भोजनान्वेषण | भूख |
| संग्रह प्रवृत्ति | अधिकार भावना |
| रचना | कृतिभाव |
| हास्य | आमोद |

जबकि संज्ञान, संवेदना तथा चिन्तन का संबंध मूल प्रवृत्ति से नहीं है। अतः विकल्प (a) सही है।

**30. Giving meaning to sensation on the basis of past experience is called–**
**पूर्व अनुभव के आधार पर संवेदना को अर्थ प्रदान करना कहलाता है**

(a) Perception/प्रत्यक्षज्ञान
(b) Sensation/संवेदना
(c) Motivation/अभिप्रेरणा
(d) Imagination/कल्पना

**Ans. (a) :** पूर्व अनुभव के आधार पर संवेदना को अर्थ प्रदान करना प्रत्यक्षज्ञान कहलाता है।

**प्रत्यक्षज्ञान–**प्रत्यक्षीकरण एक मानसिक प्रक्रिया है। यह वाह्य उद्दीपकों अर्थात् वातावरण से प्राप्त होने वाली उत्तेजनाओं को तात्कालिक ज्ञान देने वाली मानसिक प्रक्रिया को प्रत्यक्षज्ञान/प्रत्यक्षीकरण कहते हैं।

**रायबर्न के अनुसार–** "अनुभव के अनुसार संवेदना की व्याख्या की प्रक्रिया को प्रत्यक्षीकरण कहते हैं।"

उदाहरणार्थ - बालक खेल रहा है, उसे किसी ने उसका नाम लेकर उसे आवाज दी, इससे उसे ध्वनि संवेदना हुई और उस ध्वनि को वह पहचानकर अनुमान लगा लेता है कि उसे पिता जी बुला रहे हैं या उसका कोई मित्र बुला रहा है। आवाज की इस प्रकार के ज्ञान को प्रत्यक्षीकरण कहते हैं।

# PART-II/भाग-II

## भाषा-I : हिन्दी

**31. निम्नलिखित में वाचन शिक्षण की विधि नहीं है–**

(a) अनुध्वनि विधि
(b) ध्वनि साम्य विधि
(c) व्याख्या विधि
(d) समवेत पाठ विधि

**Ans. (c) :** वाचन एक कला है जिसे बालक अपने प्रयास से ही सीखता है। शिक्षा जगत में वाचन शिक्षण की निम्नलिखित विधियाँ हैं–

1. अक्षर बोध विधि
2. समवेत पाठ विधि
3. ध्वनि साम्यविधि
4. अनुध्वनि विधि
5. देखो और कहो।

जबकि व्याख्या विधि वाचन की विधि नहीं है यह उच्च कक्षाओं में शिक्षण की विधि है।

**32. निम्नलिखित में अभिवृत्यात्मक उद्देश्य है–**

(a) साहित्य का रसास्वादन करना
(b) स्वानुभूत विचारों व भावों को अभिव्यक्त करना
(c) धैयपूर्वक सुनना
(d) भाषा और साहित्य में रुचि

**Ans. (d) :** अभिवृत्यात्मक उद्देश्य से तात्पर्य भाषा और साहित्य में रुचि से है। अभिवृत्ति व्यक्ति के व्यक्तित्व की वे प्रवृत्तियाँ है, जो उसे किसी वस्तु, व्यक्ति आदि के संबंध में किसी विशिष्ट प्रकार के व्यवहार को प्रदर्शित करने का निर्णय लेने के लिए प्रेरित करती है। इसके अंतर्गत बालक को विभिन्न कार्य करने के लिए कहा जाता है, जैसे– कहानी सुनना, निबन्ध लिखना, संवाद लेखन, यात्रा इत्यादि का वर्णन करना आदि इन क्रियाओं द्वारा बालक में भाषा और साहित्य के प्रति अभिवृत्तियों का पता चलता है।

**33. हिन्दी साहित्य के इतिहास के संबंध में 'मार्डन वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दोस्तान' किसने लिखा है?**

(a) सुमित कुमार चटर्जी
(b) जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन
(c) गार्सा द तासी
(d) धीरेन्द्र वर्मा

**Ans. (b) :** 'मॉर्डन वर्नाक्यूलर लिटरेचर ऑफ हिन्दोस्तान' जार्ज ग्रियर्सन द्वारा लिखा गया हिन्दी साहित्य के इतिहास की पुस्तक है। इसका प्रकाशन एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की पत्रिका के विशेषांक के रूप में हुआ था। यह पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गई थी। इसमें पहली बार हिन्दी साहित्य के कवियों को कालक्रमानुसार वर्गीकृत करने का प्रयास किया गया है। इसमें ग्रियर्सन जी ने भक्तिकाल को हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग घोषित किया। इन्होंने हिन्दी साहित्य के काल को ग्यारह अध्यायों में बाँटा था।

**34. 'विरहनी बावरी सी भई**
**ऊँची चढ़ि अपने भवन में टेरत हाय दई**
**ले अंचरा मुख अँसुवन पोंछत उघरे गात सही-**
**किसकी पंक्ति है?**

(a) मीराबाई
(b) सहजोबाई
(c) झीमा चारिणी
(d) दयाबाई



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) :** बिरहनी बाबरी सी भई ......। पंक्ति मीराबाई द्वारा रचित है। श्रीकृष्ण भक्ति रस की महान कवयित्री मीराबाई का जन्म राजस्थान के चौकड़ी नामक ग्राम में राजा रत्न सिंह के महल में हुआ था। मीराबाई के रचनाओं में इनके हृदय की विहलता देखने को मिलती है। इनकी रचनाएँ– नरसी जी का मायरा, रागगोविन्द, गीत गोविन्द की टीका, मीराबाई का मलार, मीरा पदावली आदि है।
सहजोबाई – संत कवयित्री हैं ये और दयाबाई दोनों बहनें है। इनका समय 18वीं शताब्दी का है। इनके गुरू का नाम चरण दास था। रचना– सहजप्रकाश।
दयाबाई– संत कवयित्री हैं। इनके भी गुरू का नाम चरण दास था। रचना– दयाबोध, विनयमालिका (इसमें मीरा के विषपान का उल्लेख है)

**35. हिन्दी का पहला पत्र है–**
(a) इतिहास तिमिरनाशक (b) उदंत मार्तण्ड
(c) बनारस अखबार (d) हरिश्चन्द्र मैगजीन

**Ans. (b) :** 'उदंत मार्तण्ड' को हिन्दी का पहला पत्र माना जाता है। इसका प्रकाशन 30 मई 1826 ई. में कलकत्ता से एक साप्ताहिक पत्रिका के रूप में प्रारम्भ हुआ। इसी के आधार पर 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। 'बनारस अखबार' का प्रकाशन 1845 ई. में राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' ने काशी से किया। हरिश्चन्द्र मैगजीन एक मासिक पत्रिका थी जिसका प्रकाशन 1873 ई. में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी ने काशी से किया था। 'इतिहास तिमिरनाशक' एक पुस्तक है जिसके लेखक राजा शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द' है।

**निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 36 से 40 तक का सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।**

धर्म पालन करने के मार्ग में सबसे अधिका बाधा चित्त की चंचलता, उद्देश्य की अस्थिरता और मन की निर्बलता से पड़ती है। मनुष्य के कर्त्तव्य मार्ग में एक ओर ते आत्मा के बुरे-भले कामों का ज्ञान दूसरी ओर आलस्य अैर स्वार्थपरक रही है। बस मनुष्य इन्हीं दोनों के बीच में पड़ा रहा है। अंत में यदि उसका मन पक्का हुआ, तो वह आत्मा की आज्ञा मानकर अपना धर्म पाालन करता है, पर उसका मन दुविधा में पड़ रह है, तो स्वार्थपरता उसे निश्चित ही घेरेगी और उसका चरित्र घृणा के योग्य हो जायेगा। इसलिए यह बहुत आवश्यक है कि आत्मा जिस बात को करने की प्रवृत्ति दे, उसे बिना स्वार्थ सोचें, झटपट कर डालना चाहिए। इस संसार में जितने बड़े-बड़े लोग हुए हैं सभी ने अपने कर्त्तव्य को सबसे श्रेष्ठ माना है, क्योंकि जितने कर्म उन्होंने किए उन सबने अपने कर्त्तव्य पर ध्यान देकर न्याय का बर्ताव किया। जिन जातियों में यह गुण पाया जाता है। वे ही संसार में उन्नति करती है और संसार में उनका नाम आदर से लिया जता है। जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्त्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं।

**36. धर्म पालन करने में बाधा डालने वाली प्रवृत्तियाँ कौन-सी है?**
(a) धर्म का ज्ञान न होना।
(b) कमजोर मन, उद्देश्य का निश्चित न होना तथा मनोवृत्ति का होना।
(c) आलस्य की अधिकता।
(d) जानकारी की कमी।

**Ans. (b) :** धर्म पालन करने में बाधा डालने वाली प्रवृत्तियाँ है कमजोर मन, उद्देश्य का निश्चित न होना तथा चंचल मनोवृत्ति का होना।

**37. संसार के बड़े-बड़े लोगों ने सबसे श्रेष्ठ माना है–**
(a) सदाचर को (b) उत्तम चरित्र को
(c) परोपकार को (d) अपने कर्त्तव्य को

**Ans. (d) :** संसार के बड़े-बड़े लोगों ने सबसे श्रेष्ठ अपने कर्त्तव्य को माना है।

**38. 'निर्बलता' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय का सही विकल्प है–**
(a) निर + बल + ता (b) निर् + बल + ता
(c) निर + बलत + आ (d) निर + बल + अता

**Ans. (b) :** 'निर्बलता' शब्द में 'निर्' उपसर्ग 'ता' प्रत्यय एवं 'बल' मूल शब्द है अर्थात् विकल्प (b) निर् + बल + ता इसका सही उत्तर है।
**प्रत्यय–** शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे प्रत्यय कहते हैं। उदाहरण– भला + आई = भलाई
**उपसर्ग–** उपसर्ग उस शब्दांश या अव्यय को कहते हैं जो किसी शब्द के पहले आकर उसका विशेष अर्थ प्रकट करता है।
उदाहरण– प्र + हार = प्रहार, अन + बन = अनबन

**39. 'कायर' की भाववाचक संज्ञा है–**
(a) कायरतत्व (b) अकायरता
(c) कायरपन (d) कायरता

**Ans. (d) :** 'कायर' की भावावाचक संज्ञा 'कायरता' है। जिस शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा अथवा स्वभाव का बोध होता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं।
जैसे– बचपन, थकावट, सुन्दरता, चोरी, मित्रता, उमंग आदि।

**40. 'अपना मतलब निकालने वाला' के लिए उचित शब्द क्या है?**
(a) स्वार्थपरता (b) स्वार्थी
(c) स्वार्थपरक (d) कुटिल

**Ans. (b) :** दिए गए विकल्प में अपना मतलब निकालने वाला के लिए उचित शब्द है– स्वार्थी।

**41. पंकज में कौन-सा समास है?**
(a) द्विगु (b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

**Ans. (d) :** पंकज में बहुव्रीहि समास है। बहुव्रीहि समास में पूर्व पद व उत्तर पद में से कोई भी प्रधान न होकर इनका संयुक्त भाव या अन्य अर्थ प्रधान होता है। 'पंकज' का समास विग्रह है– पंक अर्थात् कीचड़ में जन्म लेने वाला, स्पष्ट है इसका अर्थ 'कमल' है। अतः यहाँ बहुव्रीहि समास है। द्वन्द्व में दोनों पद प्रधान होते हैं तथा विग्रह करने पर 'और' योजक शब्द आता है। द्विगु संख्यावाची होता है। जो समूह या समाहार को प्रकट करता है। कर्मधारय में विशेषण-विशेष्य या 'उपमेय-उपमान' का भाव पूर्वपद एवं उत्तरपद के मध्य प्रकट होता है।
हिन्दी में छः समास माने जाते हैं।


www.SarkariTeachers.com

**42. अयोगवाह कहा जाता है–**

(a) अनुस्वार एवं विसर्ग को (b) महाप्राण को
(c) संयुक्त व्यंजन को (d) अल्पप्राण को

**Ans. (a) :** अनुस्वार (अं) एवं विसर्ग (अः) को अयोगवाह कहा जाता है क्योंकि इनकी प्रकृति न तो पूर्णतः स्वरों से मिलती है और न व्यंजनों से। जिसके कारण इनकी गणना न तो स्वरों में की जाती है और न ही व्यंजनों में इसीलिए इन्हें अयोगवाह कहा जाता है। प्रत्येक वर्ग का दूसरा तथा चौथा वर्ण तथा उष्म व्यंजन महाप्राण व्यंजन कहलाते हैं एवं प्रत्येक वर्ग का पहला, तीसरा तथा पाँचवाँ वर्ण और अंतस्थ व्यंजन अल्पप्राण कहलाते हैं। हिन्दी वर्णमाला में चार संयुक्त व्यंजन (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र) भी होते हैं।

**43. एक ओर अजगरहिं लखि एक ओर मृगराय।**
**विकल बटोही बीच ही पर्‍यो मूरछा खाय॥**
**इन पंक्तियों में प्रयुक्त रस है–**

(a) वीर रस (b) रौद्र रस
(c) भयानक रस (d) करुण रस

**Ans. (c) :** एक ओर अजगरहिं लखि एक ओर मृगराय।
विकल बटोही बीच ही पर्‍यो मूरछा खाय।।

इस पंक्ति में भयानक रस है। किसी भयानक दृश्य को देखने से उत्पन्न भय के परिपक्व अवस्था को भयानक रस कहते हैं। इसका स्थायी भाव भय होता है। मुख्य रूप से नौ रस माने जाते हैं–

| | रस | | स्थायी भाव |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रृंगार | – | रति |
| 2. | हास्य | – | हास |
| 3. | करुण | – | शोक |
| 4. | रौद्र | – | क्रोध |
| 5. | वीर | – | उत्साह |
| 6. | भयानक | – | भय |
| 7. | वीभत्स | – | जुगुप्सा |
| 8. | अद्भुत | – | विस्मय |
| 9. | शान्त | – | शम/निर्वेद |

**44. 'से' विभक्ति निम्न में से किस कारक के लिए प्रयुक्त होता है?**

(a) कर्म (b) कर्त्ता
(c) सम्प्रदान (d) करण

**Ans. (d) :** दिए गए विकल्प में 'से' विभक्ति चिह्न 'करण कारक' का है। संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप की सहायता से क्रिया सम्पन्न होती है, उसे करण कारक कहते हैं। हिन्दी में आठ कारक होते हैं–

| कारक | परसर्ग चिह्न |
|---|---|
| कर्त्ता | ने |
| कर्म | को |
| करण | से/के द्वारा |
| सम्प्रदान | को, के लिए |
| अपादान | से (अलग होने का अर्थ में) |
| संबंध | का, की, के, रा, री, रे |
| अधिकरण | में, पे, पर |
| सम्बोधन | हे, अरे! |

**45. 'उसने नहाकर भोजन किया' – इस वाक्य में 'नहाकर' निम्नांकित में से किस क्रिया का उदाहरण है?**

(a) प्रेरणार्थक क्रिया (b) संयुक्त क्रिया
(c) द्विकर्मक क्रिया (d) पूर्वकालिक क्रिया

**Ans. (d) :** 'उसने नहाकर भोजन किया' इस वाक्य में 'नहाकर' पूर्वकालिक क्रिया का उदाहरण है। जब कर्त्ता एक क्रिया को समाप्त करके तत्काल दूसरी क्रिया प्रारम्भ करता है, तो पहली क्रिया को पूर्वकालिक क्रिया कहते हैं। जैसे– खाकर, पीकर, सोकर, चलकर इत्यादि। जब दो क्रियाएँ संयुक्त होकर एक क्रिया का भाव प्रकट करें जैसे भाग जाना, मार खाना, डर जाना आदि तो ऐसी क्रिया को संयुक्त क्रिया कहते हैं। जब कर्त्ता क्रिया का सम्पादन स्वयं न कर किसी अन्य से करवाता है तो उसे प्रेरणार्थक क्रिया कहते हैं। जैसे– पकवाना, पकड़वाना, मरवाना आदि।

**46. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) परशुराम के क्रोधाग्नि ने क्षत्रियों को जला दिया।
(b) खेतों में लम्बे-लम्बे घास उग आए।
(c) गलियों को चौड़ा करना आवश्यक है।
(d) वृक्षों पर कोयल कूक रही है।

**Ans. (c) :** 'गलियों को चौड़ा करना आवश्यक है' वाक्य शुद्ध है। शेष का शुद्ध रूप क्रमशः इस प्रकार होगा–

- खेतों में लम्बे-लम्बे घास उग आए (अशुद्ध)
  खेतों में लम्बी-लम्बी घास उग आई (शुद्ध)
- परशुराम के क्रोधाग्नि ने क्षत्रियों को जला दिया (अशुद्ध)
  परशुराम की क्रोधाग्नि ने क्षत्रियों को जला दिया (शुद्ध)
- वृक्षों पर कोयल कूक रही है। (अशुद्ध)
  वृक्ष पर कोयल कूक रही है। (शुद्ध)

**47. विद्यार्थी में कौन-सी सन्धि है?**

(a) वृद्धि संधि (b) दीर्घ संधि
(c) गुण संधि (d) यण संधि

**Ans. (b) :** विद्यार्थी (विद्या + अर्थी) में दीर्घ स्वर संधि है। जब ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ के बाद यदि ह्रस्व या दीर्घ अ, इ, उ आ जाएँ तो दोनों मिलकर दीर्घ आ, ई और ऊ हो जाते हैं। जैसे– विद्या + आलय = विद्यालय (आ + आ = आ)
गिरि + ईश = गिरीश (इ + ई = ई)
वधू + उत्सव = वधूत्सव (ऊ + उ = ऊ)

**वृद्धि संधि–** यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'ए' या 'ऐ' आए तो दोनों के स्थान पर 'ऐ' और 'ओ' या 'औ' आए तो दोनों के स्थान पर 'औ' हो जाता है।
उदाहरण– एक + एक = एकैक

**गुण संधि–** यदि 'अ' 'आ' के बाद 'इ' 'ई', 'उ' या 'ऊ' और 'ऋ' आए तो दोनों मिलकर ए, ओ, अर् हो जाता है।
उदाहरण– देव + इन्द्र = देवेन्द्र।

**यण संधि–** यदि 'ई' 'ई' 'उ' 'ऊ' 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आए तो 'इ' का 'य्' 'उ-ऊ' का 'व्' और 'ऋ' का 'र्' हो जाता है।
उदाहरण– प्रति + एक = प्रत्येक।



www.SarkariTeachers.com

48. **'कानन' का पर्यायवाची शब्द है–**

(a) विहिप (b) पुष्प

(c) वन (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 'कानन' का पर्यायवाची शब्द वन, अरण्य, विपिन, कांतार, जंगल, विटप इत्यादि है। पुष्प का पर्याय फूल, सुमन, कुसुम, मंजरी, प्रसून, पुहुप आदि है।
विहिप– इसका कोई पर्यायवाची नहीं है (यह विश्व हिन्दू का संक्षेपण है।)

49. **'वाक्य विग्रह' का अर्थ है–**

(a) वाक्य रचना करना।

(b) शब्दों को जोड़ना।

(c) वाक्य खंडों को अलग-अलग करके उनका सम्बन्ध बताना।

(d) संधि और समास बताना।

**Ans. (c) :** वाक्य खंडों को अलग-अलग करके उनका सम्बन्ध बताना 'वाक्य विग्रह' कहलाता है।

50. **बिनु पग चलै सुनै बिनु काना,**
**कर बिनु कर्म करै विधि नाना।**
**इन पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है–**

(a) विशेषोक्ति अलंकार (b) विभावना अलंकार

(c) असंगति अलंकार (d) दृष्टांत अलंकार

**Ans. (b) :** बिनु पग चलै सुनै बिनु काना,
कर बिनु कर्म करै विधि नाना। में विभावना अलंकार है। उपर्युक्त उदाहरण में कारण न होते हुए भी कार्य का होना बताया जा रहा है। बिना पैर के चलना, बिना कान के सुनना, बिना हाथ के नाना कर्म करना बताया गया है। अतः यहाँ विभावना अलंकार है और जहाँ कारण के होते हुए कार्य नहीं होता, वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है।

**विशेषोक्ति अलंकार–** कारण के उपस्थित होने पर भी कार्य न होने की दशा में विशेषोक्ति अलंकार माना जाता है।

उदाहरण– पानी बिच मीन पियासी।

**असंगति अलंकार–** जहाँ कार्य और करण में संगति न हो, वहाँ असंगति अलंकार होता है।

उदाहरण– दृग उरझत टूटत कुटुम, जुरत चतुरचित प्रिति।
परत गांठ दुरजन हिये दई नई यह रीति।।

**दृष्टांत अलंकार–** जहाँ उपमेय और उपमान के साधारण धर्म का बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव दर्शित किया जाये तथा वाचक शब्द का उल्लेख न हो, वहाँ दृष्टांत अलंकार होता है।

उदाहरण– सठ सधुरहि सत संगति पाई।
पारस परसि कुधातु सुहाई।।

51. **सूफी संतों की शैली है–**

(a) मसनवी (b) मर्सिया

(c) गजल (d) तर्जुमा

**Ans. (a) :** सूफी संतों की शैली मसनवी शैली है। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम ईश्वरवंदना, हजरत मोहम्मद की स्तुति, तात्कालीन शासक की प्रशंसा तथा गुरु की महिमा का निरूपण है। इसका प्रयोग हिन्दी में प्रेममार्गी कवियों ने अपने काव्य में किया। पद्मावत (जायसीकृत) इसका उत्तम उदाहरण है।

52. **'गुड़िया भीतर गुड़िया' के रचनाकार कौन हैं?**

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) कृष्ण सोबती

(c) प्रभा खेतान (d) उषा प्रियंवदा

**Ans. (a) :** 'गुड़िया भीतर गुड़िया' के रचनाकार मैत्रेयी पुष्पा हैं। यह उनकी आत्मकथा का दूसरा भाग है। इसका प्रथम भाग है– कस्तूरी कुण्डल बसै। ध्यातव्य है कि प्रसिद्ध आत्मकथा 'अन्या से अनन्या' के रचनाकार प्रभा खेतान जी हैं।

53. **'सौ अजान एक सुजान' के रचनाकार का नाम है–**

(a) बालकृष्ण भट्ट (b) बदरीनारायण चौधरी

(c) बालमुकुन्द गुप्त (d) सरदार पूर्ण सिंह

**Ans. (a) :** 'सौ अजान एक सुजान' के रचनाकार बालकृष्ण भट्ट जी हैं। यह इनका प्रसिद्ध उपन्यास है। इनके अन्य उपन्यास– नूतन ब्रह्मचारी और रहस्यकथा है।

54. **गोस्वामी तुलसीदास का निधन वाराणसी के किस घाट पर हुआ?**

(a) अस्सी घाट (b) दशाश्वमेध घाट

(c) राम घाट (d) मणिकार्णिका घाट

**Ans. (a) :** गोस्वामी तुलसीदास का निधन वाराणसी के अस्सी घाट पर हुआ। इनके संदर्भ में प्रसिद्ध पंक्ति है कि–
संवत् सोलह सौ असी, असी गंग के तीर।
श्रावण शुक्ल सप्तमी तुलसी तज्यो शरीर।।

55. **'भक्तमाल' के रचनाकार हैं–**

(a) केशव दास (b) नाभा दास

(c) विष्णु दास (d) सुन्दर दास

**Ans. (b) :** भक्तमाल के रचनाकार नाभादास जी हैं। भक्तिकालीन कवियों में स्वामी अग्रदास के शिष्य नाभादास की प्रसिद्ध रचना 'अष्टयाम' भी है। केशवदास की प्रमुख रचनायें कविप्रिया, रसिकप्रिया, रामचन्द्रिका आदि है तथा सुन्दरदास की 'सुन्दर विलास', 'ज्ञान समुद्र' आदि है।

56. **'सुई' का तत्सम रूप क्या है?**

(a) सूचि (b) सुज्जा

(c) सलाई (d) सूची

**Ans. (a) :** 'सुई' का तत्सम रूप 'सूचि' है। संस्कृत भाषा के वे शब्द जो बिना परिवर्तित किये ज्यों के त्यों हिन्दी भाषा में प्रयोग किये जाते हैं। तत्सम कहलाते हैं। जैसे– कार्य, मयूर, सूर्य आदि।

57. **'परिसीमन' का विलोम है–**

(a) निरसीमन (b) ससीम

(c) असीमन (d) ससीमन



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (c) :** 'परिसीमन' का विलोम 'असीमन' होगा।
परिसीमन का अर्थ सीमा निश्चित कर देना तथा असीमन का अर्थ सीमा निश्चित न होना।

**58. 'धूसर' शब्द का पर्याय है–**
(a) मेघ (b) अश्व
(c) गर्दभ (d) अजा

**Ans. (c) :** 'धूसर' शब्द का पर्याय 'गर्दभ' है, इसके अन्य पर्याय शब्द खर, गदहा, रासभ, बेशर, चक्रीवान, वैशाखनन्दन है।
प्रश्नगत अन्य विकल्प के पर्यायवाची शब्द निम्नलिखित हैं–
मेघ – वारिद, बादल, वारिधर, अम्बुद, पयोधर आदि।
अश्व – वाजि, हय, घोटक, घोड़ा, सैन्धव, तुरंग आदि।
अजा – बकरी, जन्मरहित, शक्ति, दुर्गा, छेरी आदि।

**59. 'भूतों अर्थात् जीवों द्वारा होने वाला (दुख)' – वाक्य के लिए एक शब्द बताइये।**
(a) आधिभौतिक (b) आधिदैविक
(c) आधिदैहिक (d) आत्मघाती

**Ans. (a) :** 'भूतों अर्थात् जीवों द्वारा होने वाला (दुख)' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'आधिभौतिक' है।
- देव अथवा प्रकृति द्वारा होने वाले दुख– आधिदैविक
- देह या शरीर के द्वारा होने वाले दुख – आधिदैहिक
- ऐसा कार्य जो स्वयं के लिए घातक हो – आत्मघाती।

**60. 'ऊँट की चोरी निहुरे निहुरे' का अर्थ है–**
(a) बड़े काम छिपकर नहीं किये जा सकते।
(b) जान जोखिम में डालना।
(c) उद्दंड व्यक्ति की दुष्टता।
(d) किसी की वस्तु किसी दूसरे को देना।

**Ans. (a) :** 'ऊँट की चोरी निहुरे निहुरे' का अर्थ है– बड़े काम छिपकर नहीं किये जा सकते। शेष विकल्प असंगत हैं।

# PART-III/भाग-III

## LANGUAGE-I : ENGLISH

**61. Bees are kept in**
(a) A nursery (b) A pantry
(c) An apiary (d) An aquarium

**Ans. (c) :** 'मधुमक्खियों' के रखने वाले स्थान को 'Apiary' बोलते हैं। जो कि option (c) में दिया गया है। शेष तीन विकल्प इस प्रकार है–
Pantry – रसोई भंडार
Nursery – पेड़ पौधों को रखने का स्थान
Aquarium – मछलियों को रखने का स्थान

**62. The idiom 'green-eyed monster' means**
(a) To be sick (b) To be jealous
(c) To be angry (d) To be blind

**Ans. (b) :** दिये गये Idiom "Green-eyed monster" का अर्थ 'ईष्यालु व्यक्ति' होता है जोकि विकल्प (b) में दिया गया है। अतः सही विकल्प (b) 'To be jealous' होगा।

**63. Select the sentence in which the article has been wrongly used.**
(a) Twelve inches make a foot.
(b) He is a M.A.
(c) A pupil should obey his teacher.
(d) He is a European.

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) में गलत 'Article' का प्रयोग हुआ है क्योंकि इस वाक्य में M.A. में पहले Vowel sound Pronounce किया जाता है तथा Vowel sound के साथ Article 'An' का प्रयोग होता है। अतः सही विकल्प (b) है।

**64. Pick the correct question tag from the options.**
**People shouldn't drink and drive, ________**
(a) should not they? (b) should they?
(c) isn't it? (d) shall they?

**Ans. (b) :** दिये गये sentence के रिक्त स्थान में विकल्प (b) "should they?" का प्रयोग होगा क्योंकि अगर sentence का पहला भाग 'positive' हो तो उसका Question Tag Negative होगा, और नकारात्मक वाक्य का positive में बनता है।
जैसे– People shouldn't drink and drive, should they?
अतः सही विकल्प (b) है। शेष तीनों विकल्प अभीष्ट नहीं है।

**65. Point out the part has an error in the sentence.**
**You are learning English/for the last one**
**A B**
**year/but you show/no improvement at all.**
**C D**
(a) B (b) A
(c) C (d) D

**Ans. (b) :** दिये गये sentence के पहले भाग में Tense की गलती है। क्योंकि वाक्य Present continuous में ना होकर Present perfect continuous tense से यह ज्ञात होता है कि कार्य past में शुरू होता है और वर्तमान में जारी है साथ ही इस टेंस के वाक्यों में भूतकालिक समय शब्द (जैसे-पांच दिनों से सोमवार से, 2018 से ........ इत्यादि) जुड़ा होता है। जैसे इस वाक्य में 'For the last one year' दिया गया है इससे यह ज्ञात होता है कि कार्य past में शुरू हुआ था और अभी भी जारी है। अतः सही विकल्प (b) A है।
You have been learning English for the last one year but you show no improvement at all.

**Read the following passage and answer the questions from 66 to 70 based on it.**

Work expands so as to fill the time available for its completion. The general recognition of this fact is shown in the proverbial phrase, 'It is the busiest man who has time to spare. 'Thus, an elderly lady at leisure can spend the entire day writing a postcard to her niece. An hour



www.SarkariTeachers.com

will be spent in finding the postcard, another hunting for spectacles, half an hour to search for the address, an hour and a quarter in composition and twenty minutes in deciding whether or not to take an umbrella when going to the pillar box to the street. The total effort that would occupy a busy man for three minutes, all told, may it this fashion leave another person completely exhausted after a day of doubt, anxiety and toil.

**66. What is the total time spent by the elderly lady in writing a postcard?**

(a) A full day
(b) Three minutes
(c) Four hours and five minutes
(d) Half an hour

**Ans. (a) :** दिये गये passage के अनुसार बुजुर्ग महिला को एक post card लिखने में एक पूरा दिन लग जाते हैं। जो कि विकल्प (a) में दिया गया है। शेष तीनों विकल्प अभीष्ट नहीं है।

**67. What happens when the time to be spent on some work increases?**

(a) The work is done leisurely
(b) The work is done smoothly
(c) The work consumes all the time
(d) The work needs additional time

**Ans. (c) :** What happens when the time to be spent on some work increases? (क्या होता है जब किसी कार्य पर दिया गया समय बढ़ जाये?) इसका सही उत्तर विकल्प (c) में दिया गया है। अतः –
The work consume all the time.
कार्य पूरा समय ले लेगा।

**68. What does the expression 'pillar box' stand for?**

(a) A box in the pillar
(b) A box attached to the pillar
(c) Box office
(d) A pillar-type post box

**Ans. (d) :** दिये गये शब्द 'Pillar Box' का सही व्याख्या विकल्प (d) में है। जो है 'A pillar-type post box' अतः विकल्प (d) सही है। शेष तीन विकल्प अभीष्ट नहीं है।

**69. Who is the person likely to take more time to do work?**

(a) An elderly person
(b) A busy man
(c) A man of leisure
(d) An exhausted person

**Ans. (c) :** According to the last sentence of the passage, "The total................. anxiety and toil", we can say that the person likely to take more time to do work is a man of leisure. (Passage के इस वाक्य से, हम कह सकते हैं कि जिस व्यक्ति को काम करने में अधिक समय लगने की संभावना है, वह फुरसत का आदमी हैं।)
Hence, the correct answer is option (c).

**70. Point out the most appropriate explanation of the sentence.**
**'Work expands so as to fill the time available for its completion.'**

(a) Whatever time is available for a given amount of work, all of it will be used.
(b) The more work there is to be done, the more the time needed.
(c) If you have more time, you can do more work.
(d) If you have some important work to do, you should always have some additional time.

**Ans. (a) :** दिये गये sentence "Work expands so .......... का most appropriate explanation विकल्प (a) में दिया गया है। अतः whatever time is available .......... (किसी कार्य को करने के लिए जो भी समय दिया गया है वह पूरी तरह से उपयोग होना चाहिए) अतः सही विकल्प (a) है।

**71. Choose the correct sentence.**

(a) The committee was one on this point.
(b) The committee were one on this point.
(c) The committee was divided on this point.
(d) The committee have one on this point.

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में, विकल्प (a) सही sentence है क्योंकि committee एक collective noun है और जब यह किसी बिन्दु पर अपनी सहमति जताते हैं। तो वहाँ singular verb (was) का प्रयोग होता है लेकिन जब इनके members की राय अलग-अलग होती है तो Plural verb (were) का प्रयोग उचित होगा। अतः सही विकल्प (a) है
The committee was one on this point.

**72. Which of the following is an example of Simile?**

(a) Life is a dream
(b) I wandered lonely as a cloud
(c) Anxiety is sitting on her face
(d) A lie has no legs

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में विकल्प (b) सही विकल्प है 'I wondered lonely as a cloud ' simili का उदाहरण है।
Simile एक phrase या word होता है जिससे किसी वस्तु की तुलना दूसरे वस्तु से की जाती है। इसमें like, as का प्रयोग होता है। अतः सही विकल्प (b) है।

**73. Change the following sentence into Active Voice.**
**The visitors were shown the new-born by the woman."**

(a) The woman has shown the new-born to the visitors.
(b) The new-born was shown to the visitors by the woman.
(c) The woman showed the visitors the new-born.
(d) The woman might have shown the new-born.



www.SarkariTeachers.com

Ans. (c) : दिये गये Passive voice sentence को Active voice में बदलने के नियम–

P.V : Obj + were/was + verb III + by + sub

A.V. : sub + VII[nd] + obj

अतः दिये गये Passive voice का सही active voice विकल्प (c) में है।

The woman showed the visitors the new-born.

**74. Select the antonym for the word. 'Adverse'**

(a) Friendly (b) Hostile
(c) Inimical (d) Unwilling

**Ans. (a) :** दिये गये word का "Adverse" का अर्थ 'विरुद्ध या शत्रुता' होता है जिसका antonym विकल्प (a) Friendly होगा। शेष तीनों विकल्प इसके Synonyms है।

Hostile and Inimical – द्वेषी, विरोधी

Unwilling – अनिच्छुक

अतः Adverse का antonym friendly होगा।

Hence option (a) is correct.

**75. Fill in the blank with correct word to complete the proverb.**

**"Blood is _______ than water."**

(a) Thicker (b) Thinner
(c) Purer (d) Precious

**Ans. (a) :** दिया गया sentence एक Famous Proverb है। 'Blood is thicker than water - खून पानी से गाढ़ा होता है इसके विकल्प (a) सही उत्तर है। शेष तीनों विकल्प अभीष्ट नहीं है।

**Read the given passage and answer the questions that follow (Q.No. 76 to 80) by selecting the most appropriate option.**

Helicopters are <u>very</u> different from airplanes. They can do three things that airplanes cannot do. First, when airplanes move upward, they must also move forward, but helicopters can move straight up without moving ahead. Second, helicopters can fly backward, which airplanes cannot do. Third, helicopters can use their rotors to <u>hover</u> in the air, which is impossible for planes. Helicopters can <u>perform</u> actions that airplanes cannot, they are used for different tasks. Since helicopters can take off without moving forward, they do not need a runway for take off. They are used in <u>congested</u> areas where there is no room for airplanes or in isolated areas, which do not have airports. Because they can hover, they are used on fire fighting missions to drop water on fires. They are used in logging operations to lift trees out of forests. Helicopters are used as air ambulances to airlift patients out of situations, which are difficult to reach, by conventional ambulances. The police use helicopters to follow suspects on the ground or to search for cars on the ground. Of course, helicopters have military uses because of their design and capabilities.

**76. The word 'congested' in the passage means**

(a) The place has no place
(b) The place is roomy
(c) The place can be accessed by police vans
(d) The place has so much of smoke due to fire

**Ans. (a) :** दिये गये Passage में 'congested' word का अर्थ संकुचित होता है जिसके लिए विकल्प (a) "The place has no place" सही व्याख्या है। अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।

**77. A helicopter can hover while an aeroplane cannot, according to the passage. 'Hover' in the passage means**

(a) Move straight up in the air
(b) Stay at one place in the air
(c) Go backward in the air
(d) Fly sideways

**Ans. (b) :** दिये गये passage में "Hover" का अर्थ 'एक ही जगह पर चक्कर लगाना या मंडराना' होता है जो कि विकल्प (b) में दिया गया है।

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**78. Point out the grammatical category of the word 'perform' in the passage.**

(a) Verb (b) Noun
(c) Adverb (d) Helping verb

**Ans. (a) :** दिये गये Passage में word 'perform' का अर्थ 'करतब दिखाना' होता है जो कि एक verb (क्रिया) है। अतः

**Verb**–क्रिया वह शब्द है जिसके माध्यम से subject के कार्य, अधिकार, सम्बन्ध या अवस्था का बोध होता है। अतः शब्द 'perform' से किसी क्रिया का बोध हो रहा है।

अतः सही विकल्प (a) होगा। शेष तीनों विकल्प उपयुक्त नहीं है।

**79. Why is a helicopter used as an ambulance?**

(a) It crosses all difficulties of traffic
(b) Its movement can be maneuvered easily
(c) It reaches the inaccessible places easily
(d) It can fire fight

**Ans. (c) :** दिये गये Passage के अनुसार - हेलीकाप्टर का प्रयोग ऐम्बुलेंस की तरह ऐसे जगहों पर पहुँचने के लिए किया जाता है जहाँ आसानी से पहुँचा नहीं जा सकता। अतः पूछे गये प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (c) में है।

It reaches the inaccessible places easily.

**80. Point out the grammatical category of the underlined word 'very' in the above passage.**

(a) Adjective (b) Adverb
(c) Noun (d) Verb

**Ans. (b) :** दिये गये Passage के पहली पंक्ति में 'very' एक Adverb है जोकि Adjective (different) की विशेषता बता रहा है। 'Helicopters are <u>very</u> different from airplanes.'

Adverb एक ऐसा शब्द है जो a verb, an adjective or another adverb को modify करता है।

अतः सही विकल्प (b) है। शेष तीन विकल्प अभीष्ट नहीं है।



www.SarkariTeachers.com

**81. Give one word substitution for:**
**The scientific study of insects.**

(a) Entomology (b) Criminology
(c) Mycology (d) Meterology

**Ans. (a) :** 'The scientific study of insects' कीटो के अध्ययन करने वाले विज्ञान के लिए प्रयुक्त शब्द "Entomology" का प्रयोग किया जाता है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है। शेष तीन विकल्प इस प्रकार हैं–

Criminology – अपराध विज्ञान

Mycology – कवक विज्ञान

Meterology – मौसम विज्ञान

जोकि उपयुक्त उत्तर नहीं है।

**82. Point out the correct direct speech of the following:**
**I asked why he was looking through the keyhole.**

(a) 'Do not look through the keyhole' I said.
(b) 'Are you looking through the keyhole?' I said.
(c) 'Why are you looking through the keyhole?' I said.
(d) 'You are looking through the keyhole?' I said.

**Ans. (c) :** दिया गया Sentence Indirect sentence है इसका उपयुक्त Direct sentence विकल्प (c) में दिया गया है–

'Why are you looking through the keyhole?' I said.

Direct को Indirect में बदलने के नियम–

- Reporting verb के said को asked में बदलते हैं।
- Comma और Inverted comma को हटाकर Question word Why का प्रयोग होगा।
- Reported speech के first person के pronouns के Reporting verb के subject के अनुसार तथा second person के pronouns को object के अनुसार change करते हैं। अतः third person के pronouns में कोई change नहीं होता है।
- Reported speech के present continuous tense को past continuous में बदलते हैं।
- Indirect बनाते समय reported speech में Inversion को प्रयोग नहीं करते हैं।

अतः सही विकल्प (c) है।

**83. Put the verbs in brackets into the correct present tense.**
**My daughter never (write) to me so I never (know) what she (do).**

(a) My daughter never write to me so I never knew what she does.
(b) My daughter never wrote to me so I never knew what she do.
(c) My daughter never writes to me so I never know what she is doing.
(d) My daughter never writes to me so I never knew what she does.

**Ans. (c) :** दिये गये sentence का appropriate answer option (c) में दिया गया है।

My daughter never writes to me so I never know what she is doing.

अतः सही विकल्प (c) है। शेष तीनों विकल्प अभीष्ट नहीं है।

**84. Pick out the correct synonym of the word 'Cantankerous'**

(a) Quarrelsome (b) Rash
(c) Noisy (d) Disrespectful

**Ans. (a) :** दिये गये शब्द "Cantankerous" का अर्थ 'झगड़ालू' होता है जिसका correct synonym विकल्प (a) में 'Quarrelsome' दिया गया है। शेष तीन विकल्प इस प्रकार है–

Rash – अतिशीघ्र

Noisy – कोलाहलपूर्ण

Disrespectful – निरादरपूर्ण

अतः सही विकल्प (a) है।

**85. Pick out the sentence that has a demonstrative adjective in it.**

(a) This kind of question is often asked in examinations.
(b) It is a twenty-kilometeres walk.
(c) Each of them received ten rupees.
(d) His written statement differs from his oral one.

**Ans. (a) : Demonstrative adjective**–जिस Adjective का प्रयोग व्यक्तियों या वस्तुओं को सूचित, इंगित या निर्देशित करने के लिए किया जाता है उसे संकेतवाचक विशेषण कहते हैं जैसे–This, Those, These, That ...... इत्यादि। अतः Demonstrative adjective विकल्प (a) में 'This kind of question ......" दिया गया है। अतः विकल्प (a) सही उत्तर है। शेष तीनों अभीष्ट उत्तर नहीं है।

**86. "To chew the cud' correctly means**

(a) To die on duty
(b) Contrive against someone
(c) To meditate
(d) To inculcate virtues

**Ans. (c) :** दिये गये Idiom "To chew to cud" का अर्थ 'मनन या ध्यान करना' होता है जोकि विकल्प (c) में 'To meditate' दिया गया है। अतः सही विकल्प (c) है। शेष तीनों विकल्प अभीष्ट नहीं है।

**87. Complete the following sentence with most appropriate choice.**
**'He was very much ashamed _______ his mischief.'**

(a) of (b) for
(c) with (d) over



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) :** दिये गये sentence के रिक्त स्थान पर 'of' का प्रयोग होगा क्योंकि जब 'Ashamed' के बाद 'Action Noun' आता है तो 'Ashamed' के साथ preposition 'of' का प्रयोग होता है। अतः विकल्प (a) सही है।

**88. Complete the following sentence with appropriate choice.**
**_________ he stood first, he would have gone to America.'**
(a) Had (b) If
(c) Have (d) Anyways

**Ans. (a) :** दिये गये sentence के रिक्त स्थान पर 'Had' का प्रयोग होगा क्योंकि sentence एक conditional sentence है।
**Conditional sentence**–वह वाक्य जो भूत, वर्तमान और भविष्य की real और unreal situation/desire/condition की बात करते हैं।
**इसको बनाने के नियम–**यहाँ If clause में 'Had' के साथ $V^{III}$ का प्रयोग होता है। अतः सही विकल्प (a) है
"Had he stood first, he would have gone to America"
"अगर वह पहले खड़ा होता तो अमेरिका पहुँच गया होता"

**89. Fill in the blank.**
**'Of the sword and pen the ______ is more powerful.'**
(a) later (b) last one
(c) latter (d) last

**Ans. (c) :** दिये गये sentence के रिक्त स्थान में 'Latter' का प्रयोग होगा क्योंकि दो व्यक्ति या वस्तु में से दूसरा के लिए latter का प्रयोग होता है जोकि विकल्प (c) में दिया गया है। अतः विकल्प (c) सही उत्तर है।
Of the sword and pen the latter more powerful.
तलवार और कलम में कलम ज्यादा शक्तिशाली होता है।

**90. Which prefix can be used with the following words?**
**behave, guide, use**
(a) dis (b) in
(c) mis (d) re

**Ans. (c) :** दिये गये 'behave, guide, use' के लिए correct prefix 'Mis' का प्रयोग appropriate होगा जो कि विकल्प (c) में है शेष तीनों विकल्प अभीष्ट नहीं है।

# PART-III/भाग-III

## भाषा-I : संस्कृत

**61. 'धूता' पात्र है**
(a) मुद्राराक्षसम् में
(b) मृच्छकटिकम् में
(c) मालविकाग्निमित्रम् में
(d) मालतीमाधवम् में

**Ans. (b) :** मृच्छकटिकम् की पात्र 'धूता' है। मृच्छकटिकम् के रचनाकार 'शूद्रक' हैं। यह एक प्रकरण ग्रन्थ है, इसमें 10 अंक है। मृच्छकटिकम् में दो प्रकार की नायिकाओं का वर्णन किया गया है। धूता- कुलजा (कुलीन) नायिका तथा वसन्तसेना- गणिका (प्रगल्भा) नायिका है। मृच्छकटिकम् का नायक चारुदत्त धीरप्रशान्त कोटि का नायक है।
**मुद्राराक्षसम्-**मुद्राराक्षस के लेखक 'विशाखदत्त' है। मुद्राराक्षस का नायक चाणक्य (कौटिल्य, विष्णुगुप्त) है। कुछ विद्वान् चन्द्रगुप्त को नायक मानते हैं। इस नाटक में नायिका का अभाव है।
**मालविकाग्निमित्रम्-** मालविकाग्निमित्रम् कालिदास द्वारा रचित संस्कृत नाटक है। यह पाँच अङ्कों का नाटक है। जिसमें मालवदेश की राजकुमारी तथा विदिशा के राजा अग्निमित्र का प्रेम और उनके विवाह का वर्णन है।
**मालतीमाधवम्-**मालतीमाधव भवभूति का 10 अङ्कों का प्रकरण ग्रन्थ है। जिसमें मालती तथा माधव के प्रेमकथा का वर्णन है।

**62. गंगा-यमुना के संगम का वर्णन प्राप्त होता है**
(a) कादम्बरी में (b) रघुवंश में
(c) किरातार्जुनीयम् में (d) हर्षचरितम् में

**Ans. (b) :** गंगा-यमुना के संगम का वर्णन 'रघुवंशम्' में प्राप्त होता है। कालिदास ने 'रघुवंश' के 13वें सर्ग में गंगा-यमुना के संगम का मनोहारी वर्णन किया है। रघुवंशम् कालिदास की रचना है। इसमें कुल 19 सर्ग है। पुष्पक विमान से अयोध्या लौटने की यात्रा का मनोरम दृश्य राम, सीता को दिखाते हैं और पवित्र तीर्थों का परिचय कराते हैं।
पश्यानवद्याङ्गि विभाति गङ्गा भिन्नप्रवाहा यमुनातरङ्गैः।
(रघुवंशम् 13/57)
**कादम्बरी-** कादम्बरी बाणभट्ट की रचना है। कादम्बरी में प्रमुख वर्णन- शाल्मली वृक्ष वर्णन, अच्छोदसरोवर वर्णन, इन्द्रायुद्ध वर्णन, विन्ध्याटवी वर्णन इत्यादि है।
**हर्षचरितम्** – हर्षचरितम् बाणभट्ट की कृति है। यह 'आख्यायिका' ग्रन्थ है। इसमें हर्ष के जीवन काल का वर्णन है।
**किरातार्जुनीयम्-** यह भारवि की कृति है। इसमें शरद ऋतु तथा हिमालय का वर्णन है।

**63. 'भवच्छिदस्त्र्यम्बक पाद पांसवः' में 'भवच्छिदः' किसका विशेषण है ?**
(a) त्र्यम्बक पाद का (b) त्र्यम्बक का
(c) पांसवः का (d) पाद का

**Ans. (c) :** 'भवच्छिदस्त्र्यम्बक पाद पांसवः' में 'भवच्छिदः' पांसवः का विशेषण है। भवच्छिदः– सांसारिक दुःखों को दूर करने वाली। यह संसार परमतत्व की प्राप्ति में बाधक है परन्तु शिव की चरण-धूलि उस संसार अर्थात्-सांसारिक दुःखों को नाश करने वाली है।

**64. यमक अलङ्कार होता है**
(a) अनर्थक वर्णसमूहों की पुनरावृत्ति
(b) सार्थक वर्णसमूहों की पुनरावृत्ति
(c) एक सार्थक दूसरा अनर्थक वर्णसमूह की पुनरावृत्ति
(d) इन सभी प्रकार के वर्णसमूहों की आवृत्ति


www.SarkariTeachers.com

**Ans. (d) :** 'इन सभी प्रकार के वर्णसमूहों की आवृत्ति' में यमक अलङ्कार होता है।

**यमक अलंकार का लक्षण–**

**''सत्यर्थे पृथगर्थायाः स्वरव्यञ्जनसंहतेः।**
**क्रमेण तेनैवावृत्तिर्यमकं विनिगद्यते॥'' (साहित्यदर्पण)**

यहाँ भी स्वर व्यञ्जन समुदाय की आवृत्ति होती है लेकिन अर्थवान् होने की स्थिति में, दोनों का अलग-अलग अर्थ होता है। कहीं-कहीं पर आवृत्ति होने वाले दोनों शब्द सार्थक होते हैं। कहीं-कहीं पर दोनों निरर्थक होते हैं। कहीं पर एक सार्थक तथा एक निरर्थक होता है। दोनों पद सार्थक होंगे तो ही अर्थ-अलग-अलग होगा। एक भी निरर्थक हुआ तो बिना अर्थ के आवृत्ति होने पर भी यमक अलंकार होता है। यथा-माघेनेव च माघेन कम्पः कस्य न जायते।

जैसे- माघ महीने में सर्दी से व्यक्ति काँपने लगता है, उसी प्रकार माघ कवि के शब्दों से सभी काँप जाते हैं।

**65. ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न है**

(a) अन्तःस्थों का
(b) स्पर्श व्यञ्जनों का
(c) ऊष्म वर्णों का
(d) स्वरों का

**Ans. (a) :** ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न 'अन्तःस्थों का' है। प्रयत्न दो प्रकार का होता है- (1) आभ्यन्तर और (2) बाह्य। आभ्यन्तर प्रयत्न पाँच प्रकार के होते हैं- (1) स्पृष्ट (2) ईषत्स्पृष्ट (3) ईषद्विवृत (4) विवृत और (5) संवृत। स्पर्श वर्णों का स्पृष्ट, अन्तःस्थ वर्णों का ईषद्स्पृष्ट, ऊष्म वर्णों का ईषद्विवृत, स्वरों का विवृत तथा ह्रस्व 'अ' वर्ण का संवृत आभ्यन्तर प्रयत्न होता है।

**66. अधोलिखित पदों में कौन 'प्रगृह्य' संज्ञक है ?**

(a) विष्णू (b) हरि
(c) गङ्गे (d) ये सभी

**Ans. (d) :** उपर्युक्त पदों में 'ये सभी' विकल्प सही है। विष्णू, हरी तथा गङ्गे ये तीनों पद प्रगृह्य संज्ञक हैं। सूत्र- 'ईदूदेद्द्विवचनं प्रगृह्यम्' अर्थात् जब संज्ञा अथवा सर्वनाम अथवा क्रियावाचक शब्द के द्विवचन रूप के अन्त में 'ई' 'ऊ' या 'ए' रहता है, तो उस 'ई' 'ऊ' और 'ए' की प्रकृति सूत्र से प्रगृह्य संज्ञा होती है।

जैसे-हरी एतौ, विष्णू इमौ, गङ्गे अमू इत्यादि।

**67. समस्त पद 'रूपवद्भार्यः' का विग्रह होगा**

(a) रूपवती भार्या यस्य सः।
(b) रूपवती च भार्या च।
(c) रूपवती भार्या यस्याः सा।
(d) रूपवती भार्यः यस्य सः।

**Ans. (a) :** समस्त पद 'रूपवद्भार्यः' का विग्रह 'रूपवती भार्या यस्य सः' होगा। बहुव्रीहि समास के मुख्य भेद दो हैं–

(1) समानाधिकरण बहुव्रीहि (2) व्यधिकरण बहुव्रीहि। जिस समस्त पद के दोनों या सभी शब्दों का एक ही अधिकरण (विभक्ति) हो, अर्थात् वे प्रथमान्त हों, वह समानाधिकरण बहुव्रीहि समास होता है। जैसे-पीताम्बरः = पीतम् अम्बरं यस्य सः।

जिस समस्त पद के दोनों या सभी शब्दों में केवल एक ही शब्द प्रथमान्त हो, दूसरा षष्ठी या सप्तमी विभक्ति में हो उसे व्यधिकरण बहुव्रीहि समास कहते हैं। जैसे- चन्द्रशेखरः, चक्रपाणिः, चन्द्रकान्तिः इत्यादि। अतः ''रूपवद्भार्यः'' समानाधिकरण बहुव्रीहि का उदाहरण है।

**68. हन् धातु, लट् लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन का रूप है**

(a) घ्नन्ति (b) हन्ति
(c) हन्सि (d) हन्मि

**Ans. (a) :** हन् धातु, लट् लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन का रूप 'घ्नन्ति' है।

**हन् (मार डालना) लट् परस्मैपदी**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | हन्ति | हतः | घ्नन्ति |
| **मध्यम पुरुष** | हंसि | हथः | हथ |
| **उत्तम पुरुष** | हन्मि | हन्वः | हन्मः |

**69. 'अक्ष + ऊहिनी' में कौन सन्धि होती है?**

(a) गुण सन्धि (b) दीर्घ सन्धि
(c) वृद्धि सन्धि (d) पररूप सन्धि

**Ans. (c) :** 'अक्ष + ऊहिनी' में 'वृद्धि सन्धि' होती है।

वार्तिक- 'अक्षादूहिन्यामुपसङ्ख्यानम्' अर्थात्- अक्ष शब्द से ऊहिनी शब्द परे (बाद में) हो तो अक्ष का 'अ' और ऊहिनी का 'ऊ' ये दोनों मिलकर गुण न होकर 'औ' वृद्धि एकादेश होता है।

जैसे– अक्ष + ऊहिनी

अक्ष + अ + ऊ हिनी

औ

अक्षौहिनी

'न' को णत्व होकर अक्षौहिणी रूप सिद्ध होता है।

**70. कौन स्वर ह्रस्व नहीं होते ?**

(a) ऋ (b) अ ई उ
(c) ए ओ ऐ औ (d) इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 'ए ओ ऐ औ' ये स्वर ह्रस्व नहीं होते हैं। स्वर तीन प्रकार के होते हैं–(1) ह्रस्व (2) दीर्घ (3) प्लुत। जिनके उच्चारण काल में एक मात्रा का समय लगे, वह ह्रस्व और दो मात्रा का समय लगे, वह दीर्घ तथा तीन मात्रा का समय लगे, वह प्लुत कहलाता है। स्वरों (अचों) में 'अ, इ, उ ऋ' के तीनों भेद होते हैं और 'ऌ' का दीर्घ भेद नहीं होता है तथा 'ए ओ ऐ औ' के ह्रस्व भेद नहीं होता है। इन्हें मिश्रित स्वर भी कहते हैं। अतः विकल्प (c) सही है।

**71. 'क्त' प्रत्यय का संज्ञा है**

(a) निष्ठा (b) टि
(c) नदी (d) घि



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) :** 'क्त' प्रत्यय का संज्ञा 'निष्ठा' है।

**क्तक्तवतू निष्ठा-** क्त और क्तवतु इन दोनों प्रत्ययों का 'निष्ठा' संज्ञा होता है।

**टि-'अचोऽन्त्यादि टि'-** किसी भी शब्द के अन्तिम स्वर और यदि उसके बाद कोई व्यञ्जन हो तो वह भी 'टि' संज्ञा कहा जाता है। यथा-शक में क का अकार तथा मनस् में अस् 'टि' है।

**यू स्त्र्याख्यौ नदी-** 'यू' प्रथमा द्विवचन, 'स्त्र्याख्यौ' प्रथमा द्विवचन, 'नदी' प्रथमा एकवचन। दीर्घ ईकारान्त और उकारान्त नित्य स्त्रीलिङ्ग पदों की नदी संज्ञा होती है।

**घि-'शेषोघ्यसखि'-** नदी संज्ञा से भिन्न ह्रस्व इकार ह्रस्व उकार की घि संज्ञा होती है। सखि शब्द को छोड़कर। यथा-रवि, कवि, मुनि, गुरु आदि।

**72. 'लुट्' लकार का प्रयोग होता है**

(a) सामान्य भविष्यत् (b) अद्यतन भविष्यत्
(c) अनद्यतन भूत (d) अनद्यतन भविष्यत्

**Ans. (d) :** 'लुट्' लकार का प्रयोग 'अनद्यतन भविष्यत्' काल में होता है। 'लृट्' लकार का प्रयोग सामान्य भविष्यत् तथा 'लङ्' लकार का प्रयोग 'अनद्यतन भूतकाल' में होता है। इसको निम्नलिखित प्रकार से समझा जा सकता है–

(1) वर्तमानकाल-लट्लकार (2) आज्ञा-लोट्लकार (3) विधि-लिङ्लकार (4) अनद्यतनभूत- लङ्लकार (5) परोक्षभूत-लिट्लकार (6) सामान्यभूत-लुङ्लकार (7) अनद्यतन भविष्य- लुट्लकार (8) सामान्यभविष्य-लृट्लकार (9) आशीर्लिङ् (10) क्रियातिपत्ति- लृङ्लकार।

**73. इनमें से कौन स्वर नहीं है ?**

(a) इ (b) अ
(c) ऋ (d) ल्

**Ans. (d) :** महर्षि पाणिनि के अनुसार स्वर अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ओ, ऐ और औ है। जबकि प्रश्न में संदर्भित 'ल्' वर्ण स्वर न होकर व्यञ्जन है जो कि अन्तःस्थ (य, र, ल और व) के अन्तर्गत आता है।

**74. 'चक्रपाणिः' में कौन समास है?**

(a) बहुव्रीहि (b) तत्पुरुष
(c) द्विगु (d) द्वन्द्व

**Ans. (a) :** 'चक्रपाणिः' में बहुव्रीहि समास है। जब समास में आये हुए शब्द मिलकर किसी अन्य शब्द के विशेषण स्वरूप रहते हैं तो बहुव्रीहि समास कहते हैं। यथा-चक्रपाणिः-चक्रं पाणौ यस्य सः-(विष्णुः), चन्द्रशेखरः-चन्द्रः शेखरे यस्य सः (शिवः) तथा चन्द्रकान्तिः- चन्द्रस्य कान्तिः इव कान्तिः यस्य सः।

**75. 'द्रक्ष्यतः' दृश् धातु का कौन-सा रूप है ?**

(a) प्रथम पुरुष द्विवचन (b) प्रथम पुरुष बहुवचन
(c) मध्यम पुरुष एकवचन (d) मध्यम पुरुष द्विवचन

**Ans. (a) :** 'द्रक्ष्यतः' दृश् धातु 'प्रथम पुरुष द्विवचन' का रूप है।

**दृश् (देखना) परस्मैपदी लृट् लकार-भविष्यकाल**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | द्रक्ष्यति | द्रक्ष्यतः | द्रक्ष्यन्ति |
| **मध्यम पुरुष** | द्रक्ष्यसि | द्रक्ष्यथः | द्रक्ष्यथ |
| **उत्तम पुरुष** | द्रक्ष्यामि | द्रक्ष्यावः | द्रक्ष्यामः |

**76. लभ् धातु, लोट् लकार, उत्तम पुरुष, एकवचन रूप है**

(a) लभानि (b) लभामि
(c) लभै (d) लभताम्

**Ans. (c) :** लभ् धातु, लोट् लकार, उत्तम पुरुष, एकवचन का रूप 'लभै' है।

**लभ् (पाना) आत्मनेपदी**
**लोट् लकार (आज्ञार्थक)**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | लभताम् | लभेताम् | लभन्ताम् |
| **मध्यम पुरुष** | लभस्व | लभेथाम् | लभध्वम् |
| **उत्तम पुरुष** | लभै | लभावहै | लभामहै |

**77. शिक्षार्थियों में किस विधि के द्वारा सर्वाधिक रुचि जागृत होती है ?**

(a) श्रव्य-दृश्य सामग्री द्वारा (b) पुस्तकों द्वारा
(c) कक्षा के वातावरण द्वारा (d) फिल्मों के द्वारा

**Ans. (a) :** शिक्षार्थियों में 'श्रव्य-दृश्य सामग्री' इस विधि द्वारा सर्वाधिक रुचि जागृत होती है।

**दृश्य-श्रव्य सामग्री-**पाठ को रोचक एवं सुबोध बनाने के लिए यह आवश्यक है कि छात्रों की शिक्षा का सम्बन्ध उनका अधिकाधिक ज्ञानेन्द्रियों के साथ हो। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए आजकल शिक्षण में सहायक सामग्री का प्रयोग प्रचुर मात्रा में किया जा रहा है। इससे सैद्धान्तिक, मौखिक एव ंनीरस पाठों को सहायक उपकरणों के प्रयोग से अधिक स्वाभाविक, मनोरंजक तथा उपयोगी बनाया जा सकता है।

श्रव्य-दृश्य सामग्री- वे साधन हैं जिन्हें हम आँखों से देखते हैं और कानों से सुनते हैं। वे प्रक्रियाएँ जिनमें दृश्य तथा श्रव्य ध्वनियाँ सक्रिय होकर भाग लेती हैं। श्रव्य-दृश्य साधन कहलाती है।

**नोट : निम्नलिखित गद्यावतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 78 से 80 तक का सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।**

परेषाम् उपकरणमेव 'परोपकार' इति कथ्यते। परोपकारणं मानवानामेकः सात्त्विकः सद्गुणः स्वीकृतः। परोपकारसद्गुणेन मानवेषु सहयोग भावना वर्धते। यदि वयं परेषां जनानां उपकारं करिष्यामः तर्हि परेऽपि अस्माकं हितं विधास्यन्ति। परस्परोपकरणेनैव अस्माकं कल्याणं भवितुं शक्यते। जन-कल्याणायैव सत्पुरुषा मनसा, वाचा, कर्मणा च परोपकारताः दृश्यन्ते। सत्पुरुषाणां सम्पत्तयः परजीवेभ्यः एव भवन्ति।

धर्मशास्त्रेषु परोपकारस्य महत्त्वं विशदरूपेण वर्णितम्। सत्परोपकारी तु स एव भवति यः स्वार्थं विहाय परेषां हितसाधने रमते। अनेकानि उदाहरणान्यपि तत्र वर्तन्ते। महर्षिः दधीचिं, रन्तिदेवं वा को न जानाति। प्रकृतिरपि परोपकारता दृश्यते। नद्यः परार्थमेव जलं वहन्ति। वृक्षाः परहितायैव फलन्ति। गावः स्वदुग्धं परेभ्यः एव यच्छन्ति। परोपकाररूपं सद्गुणं सदैव उपार्जयेयुः। परोपकारभावनयैव अस्माकं, अस्माकं देशस्य च कल्याणं भवितुं शक्यते।

**78. सत्पुरुषाणां सम्पत्तयः भवन्ति–**

(a) स्व + मित्रेभ्यः (b) स्व-पुत्रेभ्यः
(c) परजीवेभ्यः (d) स्व-वंशेभ्यः



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (c) :** सत्पुरुषाणां सम्पत्तयः 'परजीवेभ्यः' भवन्ति। अर्थात् सत्पुरुषों की सम्पत्ति दूसरे जीवों के लिए ही होती है। प्रश्न में प्रयुक्त 'भवन्ति' पद में भू धातु लट् लकार प्रथम पुरुष बहुवचन का प्रयोग हुआ है, जिसका रूप निम्न प्रकार बनता है–

**भू (होना) लट् लकार (वर्तमान काल)**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | भवति | भवतः | भवन्ति |
| **मध्यम पुरुष** | भवसि | भवथः | भवथ |
| **उत्तम पुरुष** | भवामि | भवावः | भवामः |

**79. 'सदैव' पद में सन्धि है**

(a) वृद्धि (b) यण्
(c) गुण् (d) अयादि

**Ans. (a) :** 'सदैव' पद में 'वृद्धि' सन्धि है। वृद्धि सन्धि का सूत्र वृद्धिरेचि तथा संज्ञा सूत्र वृद्धिरादैच् है।

**वृद्धिरेचि-** अ या आ के बाद ए या ऐ हो तो दोनों का 'ऐ' होगा तथा अ या आ के बाद ओ या औ आये तो दोनों का 'औ' होगा।

जैसे– अत्र + एकः = अत्रैकः
पश्य + एतम् = पश्यैतम्
राज + ऐश्वर्यम् = राजैश्वर्यम्
जल + ओघः = जलौघः
तण्डुल + ओदनम् = तण्डुलौदनम्

**80. परोपकारस्य महत्त्वं विशदरूपेण वर्णितम्**

(a) धर्मशास्त्रेषु (b) भक्तिशास्त्रेषु
(c) न्यायशास्त्रेषु (d) सांख्यदर्शनेषु

**Ans. (a) :** परोपकारस्य महत्त्वं विशदरूपेण वर्णितम्- परोपकार का महत्व विशदरूप से धर्मशास्त्रों में वर्णित है। धर्मशास्त्र संस्कृत ग्रन्थों का एक वर्ग है, जो कि शास्त्र है। जो हिन्दुओं के धर्म का ज्ञान सम्मिलित किये हुए है। धर्मशास्त्र से तात्पर्य, किसी भी धर्म के लिए लिखे गये ग्रंथों से है।

**81. 'राजा विप्राय गां ददाति' का वाच्य परिवर्तन होगा**

(a) राज्ञा विप्रेण गां दीयते (b) राज्ञा विप्राय गां दीयते
(c) राज्ञा विप्रेण गौः दीयते (d) राज्ञा विप्राय गौः दीयते

**Ans. (d) :** 'राजा विप्राय गां ददाति' का वाच्य परिवर्तन 'राज्ञा विप्राय गौः दीयते' होगा। वाच्य तीन प्रकार के होते हैं- (1) कर्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य (3) भाववाच्य।

**(1) कर्तृवाच्य-**कर्तृवाच्य में कर्त्ता मुख्य होता है, क्रिया कर्त्ता के अनुसार चलती है अर्थात् क्रिया का पुरुष, वचन, लिङ्ग, कर्त्ता के पुरुष, वचन, लिङ्ग के अनुसार होगा। जैसे-रमेशः ग्रन्थं पठति।

**(2) कर्मवाच्य-**कर्मवाच्य में कर्म की प्रधानता होती है, कर्मवाच्य के वाक्यों में कर्म में प्रथमा विभक्ति, कर्त्ता में तृतीया होती है। क्रिया का रूप आत्मनेपद में चलता है।

**(3) भाववाच्य-**जिस क्रिया वाले वाक्य में कर्त्ता की प्रधानता न होकर भाव अर्थात्- क्रिया की प्रधानता होती है तो वह भाववाच्य कहलाता है। भाववाच्य में कर्त्ता में तृतीया विभक्ति, क्रिया में प्रथम पुरुष एकवचन का रूप प्रयोग किया जाता है।

**82. 'गुरुः शिष्यं पाठयति' वाक्य का वाच्य परिवर्तन होगा**

(a) गुरुणा शिष्यं पाठ्यते (b) गुरुण शिष्यः पाठ्यते
(c) गुरुणा शिष्यः पाठ्यते (d) गुरुणा शिष्यः पाठयति

**Ans. (c) :** 'गुरुः शिष्यं पाठयति' वाक्य का वाच्य परिवर्तन 'गुरुणा शिष्यः पाठ्यते' होगा।

**83. 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये' पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है**

(a) उपमा (b) यमक
(c) रूपक (d) श्लेष

**Ans. (a) :** 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये' पंक्ति में 'उपमा अलंकार' प्रयुक्त है।

**उपमा अलंकार–**उपमा शब्द का अर्थ होता है, तुलना (मापना) अर्थात् जब किसी व्यक्ति या वस्तु की तुलना किसी दूसरे व्यक्ति या वस्तु से की जाय तो वहाँ पर उपमा अलंकार होता है।

**लक्षण-** "साधर्म्यंमुपमाभेदे।" उपमा के चार अंग हैं।

**(1) उपमान-**जिसके साथ उपमा की जाती है।

**(2) उपमेय-**जिसकी उपमान के साथ उपमा की जाती है।

**(3) साधारण धर्म-**उपमान और उपमेय में समानता से रहने वाला गुण

**(4) वाचक शब्द-** सादृश्य को बताने वाले शब्द

**जैसे-** इव, यथा, समान, समतुल्य आदि।

**उदा.-** अवेहि तनयां ब्रह्मन् , अग्निगर्भां शमीमिव।।
ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव।।

**84. 'बालक को लड्डू अच्छा लगता है'–इस वाक्य का संस्कृत अनुवाद होगा**

(a) बालकस्य मोदकं रोचते। (b) बालकं मोदकं रोचते।
(c) बालकाय मोदकं रोचते। (d) बालकात् मोदकं रोचते।

**Ans. (c) :** 'बालक को लड्डू अच्छा लगता है'–इस वाक्य का संस्कृत अनुवाद 'बालकाय मोदकं रोचते' होगा।

**रुच्यर्थानां प्रीयमाणः:-** रुच् धातु तथा रुच् के समान अर्थवाली धातुओं के योग में प्रसन्न होने वाले की सम्प्रदान संज्ञा होती है। जैसे-विष्णवे रोचते भक्तिः-विष्णु को भक्ति अच्छी लगती है। यहाँ पर भक्ति से प्रसन्न होने वाले 'विष्णु' हैं, इसलिए विष्णवे में चतुर्थी विभक्ति है।

**85. निम्न में कौन-सा ग्रन्थ 'महाभारत' पर आश्रित नहीं है?**

(a) नैषधीयचरितम् (b) वेणीसंहारम्
(c) स्वप्नवासवदत्तम् (d) शिशुपालवधम्

**Ans. (c) :** उपर्युक्त में स्वप्नवासवदत्तम् ग्रन्थ महाभारत पर आश्रित नहीं है। स्वप्नवासवदत्तम् भास की रचना है, इसमें 6 अंक है। इसका नायक- उदयन, नायिका-वासवदत्ता है। विदूषक- वसन्तक तथा प्रतिनायक- आरुणि, प्रधान रस शृंगार है। रीति वैदर्भी है।

**नैषधीयचरितम्** - श्री हर्ष की रचना है।
**वेणीसंहारम्** - भट्टनारायण की रचना है।
**शिशुपालवधम्** - महाकवि माघ की रचना है।



www.SarkariTeachers.com

**86. 'कर्मवाच्य' में क्रिया किसके अनुसार होती है ?**

(a) कर्म के अनुसार (b) कर्त्ता के अनुसार
(c) वचन के अनुसार (d) लिङ् के अनुसार

**Ans. (a) :** 'कर्मवाच्य' में क्रिया कर्म के अनुसार होती है।
**कर्मवाच्य** ⇒ कर्मवाच्य में कर्म की प्रधानता होती है।
⇒ कर्मवाच्य के वाक्यों में क्रिया का पुरुष, वचन और लिङ्ग कर्म के अनुसार होता है।
⇒ कर्मवाच्य के वाक्यों मे कर्म में प्रथमा विभक्ति, कर्त्ता में तृतीया विभक्ति होती है। क्रिया का रूप आत्मनेपदी में चलता है।
उदाहरण- अस्माभिः पुस्तकं पठ्यते।
**कर्तृवाच्य-** कर्तृवाच्य में कर्त्ता मुख्य होता है। क्रिया कर्त्ता के अनुसार चलती है। अर्थात्- क्रिया का पुरुष, वचन, लिङ्ग, कर्त्ता के अनुसार होगा। कर्त्ता में प्रथमा विभक्ति और क्रिया परस्मैपदी में होती है।
**भाववाच्य** ⇒ जब भाव अर्थात् क्रिया की प्रधानता होती है तो वह भाववाच्य कहलाता है।
⇒ भाववाच्य के वाक्य में कर्त्ता में तृतीया विभक्ति, क्रिया में प्रथम पुरुष, एकवचन का रूप प्रयोग किया जाता है।
⇒ भाववाच्य के वाक्य अकर्मक धातु से ही होते हैं।

**87. 'सप्त चत्वाारिंशत्' कौन संख्या है ?**

(a) 47 (सैंतालिस) (b) 74 (चौहत्तर)
(c) 37 (सैंतीस) (d) 34 (चौंतीस)

**Ans. (a) :** 'सप्त चत्वारिशंत्' 47 (सैंतालिस) को कहते हैं।
⇒ 'चतुः सप्ततिः' 74 (चौहत्तर)
⇒ 'सप्तत्रिंशत्' 37 (सैंतीस)
⇒ 'चतुस्त्रिंशत्' 34 (चौंतीस)

**88. 'सङ्गात् सञ्जायते कामः' में सूत्र प्रवृत्त हुआ है।**

(a) जनिकर्तुः प्रकृतिः (b) भुवः प्रभवश्च
(c) आख्यातोपयोगे (d) पराजेरसोढः

**Ans. (a) :** 'सङ्गात् सञ्जायते कामः' में 'जनिकर्तुः प्रकृतिः' सूत्र प्रवृत्त हुआ है।
'सङ्गात् सञ्जायते कामः' का अर्थ आसक्ति से इच्छा की उत्पत्ति होती है 'सञ्जायते' में 'जन्' धातु है। जिसका अर्थ है- 'जन्म लेना या उत्पन्न होना' जिससे उत्पन्न होता है। उसमें अपादान की उपेक्षा होती है। इसलिए यहाँ 'सङ्गात्' में अपादान संज्ञा है।

**89. 'पर्यध्ययनः' उदाहरण है**

(a) चतुर्थी तत्पुरुष का (b) द्वितीया तत्पुरुष का
(c) कर्मधारय का (d) प्रादि तत्पुरुष का

**Ans. (d) :** पर्यध्ययनः 'प्रादि तत्पुरुष' का उदाहरण है।
⇒ प्रादि तत्पुरुष समास- जब तत्पुरुष में प्रथम शब्द 'कु' शब्द हो अथवा–प्र आदि उपसर्गों में से कोई हो अथवा गतिसंज्ञक कोई पद हो तब उसे 'प्रादि' तत्पुरुष कहते हैं।
सूत्र- ''पर्यादयो ग्लानाद्यर्थे चतुर्थ्या'' से समास।
⇒ पर्यध्ययनः- अध्ययन से थका हुआ या घबराया हुआ।
लौकिक विग्रह = परिग्लानः अध्ययनाय
अलौकिक विग्रह = अध्ययन ङे + परि
नोटः- ''प्रादयो गताद्यर्थे'' से लेकर ''निरादयः क्रान्ताद्यर्थे'' तक के वार्तिक प्रादि तत्पुरुष हैं। इन्हें प्रथमा, द्वितीया आदि तत्पुरुष समझने की भूल नहीं करें। द्वितीया, तृतीया आदि तत्पुरुष समास में पूर्वपद द्वितीयान्त, तृतीयान्त होते हैं। जैसे नखैः भिन्नः, यूपायदारुः, चोराद् भयम् आदि पदों में पूर्व पद तृतीयान्त आदि होते हैं। जबकि प्रादि तत्पुरुष में उत्तर पद प्रथमान्त, द्वितीयान्त आदि होते हैं। प्रादि तत्पुरुष तथा प्रथमा से सप्तमी तक के तत्पुरुष में यही अन्तर है।

**90. 'ज्ञा' धातु लिट् लकार उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है**

(a) जज्ञिरे (b) जज्ञौ
(c) जज्ञिषे (d) जज्ञाहे

**Ans. (b) :** 'ज्ञा' धातु लिट् लकार उत्तम पुरुष एकवचन का रूप 'जज्ञौ' है।

**ज्ञा = जानना लिट् लकार (परस्मैपदी)**

| | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्रथम पुरुष** | जज्ञौ | जज्ञतुः | जज्ञुः |
| **मध्यम पुरुष** | जज्ञिथ/जज्ञाथ | जज्ञथुः | जज्ञ |
| **उत्तम पुरुष** | जज्ञौ | जज्ञिव | जज्ञिम |

# PART-IV/भाग-IV

## Social Science
## सामाजिक विज्ञान (वैकल्पिक)

**91. Bhilai steel plant is located in**
**भिलाई इस्पात कारखाना स्थित है–**

(a) Jharkhand/झारखंड में
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़ में
(c) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश में
(d) Odisha/ओडिशा में

**Ans. (b) :** भिलाई इस्पात कारखाना छत्तीसगढ़ में स्थित है। भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना 1955 ई. में रूस के सहयोग से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में की गयी तथा उत्पादन 1959 से प्रारम्भ हुआ। यह संयंत्र कोलकाता मुम्बई रेलमार्ग पर स्थित है। यहाँ लौह अयस्क डल्ली राजहरा खानों से तथा कोयला कोरबा और करगाली खानों से प्राप्त होता है। बोकारो इस्पात संयंत्र की स्थापना रूस के सहयोग से 1964 में बोकारो (झारखण्ड) में स्थापित किया गया। राउरकेला-इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से 1959 ई. में ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में स्थापित किया गया।
**नोट–**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAIL) की स्थापना जनवरी 1954 को की गयी।



www.SarkariTeachers.com

**92. Which one of the following rocks is an example of sedimentary rock?**
**निम्नलिखित शैलों में से कौन-सी अवसादी शैल का उदाहरण है?**

(a) Marble/संगमरमर (b) Slate/स्लेट
(c) Shale/शैल (d) Granite/ग्रेनाइट

**Ans. (c) :** 'शैल' अवसादी चट्टान का उदाहरण है। पृथ्वी तल पर आग्नेय व रूपान्तरित चट्टानों के अपरदन व निक्षेपण के फलस्वरूप निर्मित चट्टानों को अवसादी चट्टान कहते हैं। इन्हें परतदार चट्टान भी कहा जाता है। इनके निर्माण में जैविक अवशेषों का भी योगदान होता है।

(क) यांत्रिक क्रियाओं द्वारा निर्मित चट्टान–बलुआ पत्थर, कांगलोमेरेट या गोलाश्म, चीकामिट्टी, शैल तथा लोएस।

(ख) जैविक तत्वों से निर्मित अवसादी चट्टान–चूना पत्थर, कोयला, पीट आदि।

(ग) रासायनिक तत्वों से निर्मित अवसादी चट्टान–खड़िया मिट्टी, सेल खड़ी नमक की चट्टान।

चट्टान तीन प्रकार की होती है–

1. आग्नेय चट्टान 2. अवसादी चट्टान 3. रूपान्तरित चट्टान

**93. The tail of a comet always points**
**पुच्छल तारे की पूँछ की दिशा सदैव होती है–**

(a) away from the sun/सूर्य से दूर
(b) towards the sun/सूर्य की ओर
(c) towards North-East/उत्तर-पूर्व की ओर
(d) towards South-East/दक्षिण-पूर्व की ओर

**Ans. (a) :** पुच्छल तारे की पूँछ की दिशा सदैव सूर्य से दूर होती है ये आकस्मिक धूल बर्फ और हिमानी गैसों के पिंड हैं जो सूर्य से दूर अंधेरे क्षेत्र में रहते हैं। सूर्य के चारों ओर ये लंबी किन्तु अनियमित या असमकेन्द्रित कक्षा में घूमते रहते हैं, जब ये सूर्य के समीप से गुजरते हैं तो गर्म होकर इन गैसों की फुहार निकलती है जो लंबी चमकीली पूँछ के समान प्रतीत होती हैं। सामान्य अवस्था में पुच्छल तारा (कॉमेट) बिना पूँछ का होता है। पुच्छल तारा के शीर्ष को 'कोमा' कहते हैं।

**नोट–** हैलेका धूमकेतु 76 वर्षों के अंतराल पर दिखाई पड़ता है।

**94. Which one of the following is associate with fault?**
**निम्नलिखित में से कौन भ्रंश से सम्बन्धित है?**

(a) Strike valley/नतिलम्ब घाटी
(b) Anticlinorium/समपनति
(c) Hogback/हॉगबैक
(d) Graben/ग्राबेन

**Ans. (d) :** भ्रंश घाटी का विकास तब होता है जब दो भ्रंश रेखाओं के बीच की चट्टानी स्तम्भ नीचे की ओर धस जाती है। तब तनाव जनित बल के कारण दो भूखण्डों का विपरीत दिशा में खिसकाव होता है, तब इसका निर्माण होता है, भ्रंश घाटियाँ लंबी, संकरी व गहरी होती हैं इन्हें जर्मन भाषा में 'ग्राबेन' कहा जाता है। विभिन्न स्थानों पर संपीडन की भिन्नता के कारण कभी-कभी एक वृहत अपनति में कई छोटी-छोटी अपनतियाँ व अभिनतियाँ मिलती हैं ऐसी आवृत्ति को समपनति कहते हैं। इसी तरह जब असामान्य संपीडन के कारण एक बृहत अभिनति के अन्तर्गत कई छोटी-छोटी अपनतियाँ व अभिनतियाँ बन जाती हैं तो उस वृहद अभिनति को समभिनति कहते हैं। इन दोनों स्थलाकृतियों को पंखाकार वलन कहते हैं।

**95. Which one of the following is not a tropicana desert?/निम्नलिखित में से कौन उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है?**

(a) Arabia/अरबिया (b) Atacama/अटाकामा
(c) Gobi/गोबी (d) Kalahari/कालाहारी

**Ans. (c) :** गोबी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल नहीं है, जबकि अरबिया, आटाकामा, कालाहारी उष्णकटिबंधीय मरुस्थल हैं। गोबी मरुस्थल चीन और मंगोलिया में स्थित हैं यह विश्व के ठंडे रेगिस्तानों में से एक हैं जहाँ तापमान शून्य से चालीस डिग्री नीचे तक चला जाता है, यह मरुस्थल अल्ताई पर्वतमाला से घिरा हुआ है।

● सहारा मरुस्थल विश्व का सबसे बड़ा गर्म मरुस्थल है।

| **विश्व के रेगिस्तान –** | **विस्तार क्षेत्र** |
|---|---|
| काराकुम मरुस्थल – | तुर्कमेनिस्तान |
| अटाकामा मरुस्थल – | उत्तरी चिली |

**नोट–**'थार' रेगिस्तान एक उष्णकटिबंधीय मरुस्थल है इसका विस्तार भारत और पाकिस्तान में है।

**96. Which Part of the Indian Constitution deals with Fundamental Rights?**
**भारतीय संविधान का कौन-सा भाग मौलिक अधिकार से संबंधित है?**

(a) Part II/भाग II (b) Part I/भाग I
(c) Part III/भाग III (d) Part IV/भाग IV

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान का भाग-III मौलिक अधिकारों से सम्बन्धित है। यह अमेरिका के संविधान से लिया गया है। संविधान में इसका उल्लेख अनुच्छेद 12 से 35 तक में दिया गया है। संविधान के भाग-3 को भारत का मैग्नाकार्टा कहा जाता है। मूल अधिकारों को संविधान द्वारा सुरक्षा प्रदान की गयी है जो राष्ट्र के लिये आवश्यक हैं।

मूल रूप से संविधान में 7 मूल अधिकार प्रदान किये गये थे, लेकिन बाद में 44वें संविधान संशोधन अधिनियम 1978 द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की सूची से हटा दिया गया है। इसे संविधान के भाग XII में अनुच्छेद 300 क के तहत कानूनी अधिकार बना दिया गया। वर्तमान में छः मूल अधिकार हैं–

1. समता का अधिकार अनु. 14-18
2. स्वतन्त्रता का अधिकार अनु. 19-22
3. शोषण के विरूद्ध अधिकार अनु. 23-24
4. धार्मिक स्वतन्त्रता का अधिकार अनु. 25-28
5. संस्कृति एवं शिक्षा सम्बन्धी अधिकार अनु. 29-30
6. संवैधानिक उपचारों का अधिकार अनु. 32


https://t.me/PdFsHub2020
www.SarkariTeachers.com

**97. Which one of the following Amendment of the Constitution of India deals with the issue of strengthening of the Panchayat Raj?**
**पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय संविधान संशोधन किया गया?**

(a) 44th Amendment/44 वाँ संशोधन
(b) 42nd Amendment/42 वाँ संशोधन
(c) 73rd Amendment /73 वाँ संशोधन
(d) 86th Amendment/86 वाँ संशोधन

**Ans. (c) :** पंचायती राज को सुदृढ़ करने हेतु भारतीय संविधान सभा द्वारा 73वां संविधान संशोधन 1992 में किया गया तथा 1993 में लागू हुआ। भारत में पंचायती राज शब्द का उल्लेख ग्रामीण स्थानीय स्वशासन से सम्बंधित है। राजस्थान देश का पहला राज्य था जहाँ पंचायती राज की स्थापना हुयी। पंचायतीराज व्यवस्था की शुरूआत 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू द्वारा किया गया। इस अधिनियम ने भारत के संविधान में एक नया खंड भाग-IX सम्मिलित किया गया, इसे 'पंचायत' के नाम से जाना जाता है। अनुच्छेद 243 से 243 'ण' तक में सम्मिलित है। इस अधिनियम ने संविधान में 11वीं अनुसूची भी जोड़ी। इस अनुसूची में 29 विषय सम्मिलित हैं।

**नोट–** संविधान के अनुच्छेद 40 को एक व्यावहारिक रूप दिया जिसमें कहा गया है कि, "राज्य, ग्राम पंचायतों को गठित करने के लिये एक कदम उठायेगा।

**98. The office of International Court of Justice is situated in**
**अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय स्थित है–**

(a) London/लंदन
(b) New York/न्यूयार्क
(c) The Hague/द हेग
(d) Paris/पेरिस

**Ans. (c) :** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग (नीदरलैण्ड) में स्थित है। इसकी स्थापना 1945 ई. में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गयी और अप्रैल 1946 से काम करना शुरू किया। इस न्यायालय में 15 न्यायाधीश होते हैं जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा 9 वर्षों के लिये चुना जाता है। ये दोनों निकास एक समय पर लेकिन अलग-अलग मतदान करते हैं।

अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में भारतीय न्यायाधीश का क्रम– सर बेनेगल राव (1952-53), नागेन्द्र सिंह (1985-1988), रघुनंदन स्वरूप पाठक (1989-1991), दलवीर भण्डारी (27 अप्रैल 2012 से अब तक)।

यूनेस्को का मुख्यालय पेरिस फ्रांस में है।

**99. Population control and family planning is listed in which Schedule in the Indian Constitution?**
**जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अंतर्गत किस सूची में शामिल है?**

(a) Union list/संघ सूची
(b) State list/राज्य सूची
(c) Concurrent list/समवर्ती सूची
(d) Residual subjects/अवशिष्ट विषय

**Ans. (c) :** जनसंख्या नियंत्रण व परिवार नियोजन विषय भारतीय संविधान के अन्तर्गत समवर्ती सूची में शामिल हैं। संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची का उल्लेख सातवीं अनुसूची में हैं। संघ सूची में मूल रूप से 97 विषय (वर्तमान में 100 विषय), राज्य सूची में मूल रूप से 66 विषय (वर्तमान में 61 विषय) और समवर्ती सूची में 47 विषय शामिल थे।

**संघ सूची के विषय–**भारतीय रिजर्व बैंक, संघ लोक का ऋण, डाकघर बचत बैंक, रेल, रक्षा उद्योग, जनगणना, अखिल भारतीय सेवाएँ आदि।

**राज्य सूची–**लोक व्यवस्था, पुलिस, पथकर, कृषि आय पर कर, राज्य लोक ऋण, लोक स्वास्थ्य और स्वच्छता आदि।

**समवर्ती सूची–**बाट माप जिनके अन्तर्गत मानकों का नियत किया जाना, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक बीमा नियोजन, जन्म-मरण सांख्यिकी जिसके अन्तर्गत जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण है।

**100. Which one of the following Directive Principles related to Foreign Policy?/निम्नलिखित में से कौन-सा निदेशक सिद्धांत विदेश नीति से संबंधित है?**

(a) Article 49/अनुच्छेद 49
(b) Article 48/अनुच्छेद 48
(c) Article 50/अनुच्छेद 50
(d) Article 51/अनुच्छेद 51

**Ans. (d) :** अनुच्छेद-51 नीति निदेशक सिद्धान्त के अन्तर्गत विदेश नीति से सम्बंधित है, इसका आशय यह है कि अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि करना तथा राष्ट्रों के बीच न्यायपूर्ण और सम्मानपूर्ण सम्बन्धों को बनाए रखना।

- राष्ट्रीय महत्व वाले घोषित किये गये कलात्मक या ऐतिहासिक अभिरुचि वाले स्मारक या स्थान या वस्तु का संरक्षण करना–अनुच्छेद 49।
- कृषि और पशुपालन को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास करना–अनुच्छेद 48।
- पर्यावरण का संरक्षण तथा संवर्धन और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करना–अनुच्छेद 48(A)।
- राज्य की लोक सेवाओं में, न्यायपालिका को कार्यपालिका से पृथक करना–अनुच्छेद 50।
- ग्राम पंचायतों का गठन और उन्हें आवश्यक शक्तियां प्रदान कर स्वशासन की इकाई के रूप में कार्य करने की शक्ति प्रदान करना अनुच्छेद 40।



www.SarkariTeachers.com

**101. Inversion of temperature means**
**तापक्रम विलोमता का अर्थ है–**

(a) Increase of temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता तापक्रम
(b) Decrease of temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ घटता तापक्रम
(c) Constant temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ स्थिर तापक्रम
(d) Fluctuating temperature with height
बढ़ती ऊँचाई के साथ अस्थिर तापक्रम

**Ans. (a) :** तापक्रम विलोमता का अर्थ है, बढ़ती ऊँचाई के साथ बढ़ता तापक्रम। सामान्य नियम के विपरीत जब वायुमण्डल में ऊँचाई में वृद्धि के साथ तापमान में कमी की जगह वृद्धि होने लगती है तब यह स्थिति तापीय विलोमता कहलाती है। इस स्थिति में तापमान की उर्ध्वाधर प्रवणता उलट जाती है एवं वायु की शीतल परतें नीचे तथा गर्म परतें ऊपर स्थापित हो जाती हैं। जब गर्म हवा ठंडी हवा के ऊपर स्थापित हो जाती हैं तो वहां कोहरा बनता है। इस तरह का कोहरा जाड़े की रातों में प्रायः धुन्ध सा रहता है क्योंकि चिमनियों के धुएं विलोमता परत में पहुँचकर इसे आसान बना देते हैं।

**102. Which one of the following reservoirs is associated with Rihand Project?**
**निम्नलिखित जलाशयों में से कौन रिहन्द परियोजना से सम्बन्धित है?**

(a) Govind Ballabh Pant Sagar
गोविन्द वल्लभ पंत सागर
(b) Gandhi Sagar/गाँधी सागर
(c) Jawahar Sagar/जवाहर सागर
(d) Govind Sagar/गोविन्द सागर

**Ans. (a) :** 'रिहन्द परियोजना' गोविन्द वल्लभ पंत सागर जलाशय से सम्बंधित हैं। रिहन्द परियोजना उ.प्र. में सोन की प्रसिद्ध घाटी में उसकी सहायक नदी रिहन्द पर बनाया गया है, इस बांध के पीछे गोविन्द वल्लभ पंत सागर नामक एक कृत्रिम झील बनाई गयी हैं। यह भारत की सबसे बड़ी कृत्रिम झील हैं। यह म.प्र. तथा उ.प्र. की सीमा पर स्थित हैं।

चंबल परियोजना यमुना की सहायक चम्बल नदी पर संयुक्त रूप से बनाई गयी हैं इस परियोजना के अन्तर्गत म.प्र. में गांधी सागर बांध तथा राजस्थान में राणा प्रताप सागर बांध, जवाहर सागर बांध बनाए गये हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य चंबल नदी श्रेणी में मृदा का संरक्षण करना है।

भाखड़ा नांगल परियोजना–पंजाब हिमाचल प्रदेश में सतलत नदी पर बनाया गया है यह देश की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है, भाखड़ा नांगल बांध संसार का सबसे ऊँचा गुरुत्वीय बांध है, बांध के पीछे बनी झील गोविन्द सागर झील है।

**103. Shipki La is the famous mountain pass of**
**शिपकीला प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है–**

(a) Uttarakhand/उत्तराखण्ड का
(b) Jammu and Kashmir/जम्मू एवं कश्मीर का
(c) Sikkim/सिक्किम का
(d) Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश का

**Ans. (d) :** शिपकीला दर्रा हिमाचल प्रदेश का प्रसिद्ध पर्वतीय दर्रा है। यह दर्रा शिमला को तिब्बत से जोड़ता है।

लद्दाख क्षेत्र में स्थित काराकोरम दर्रा भारत का सबसे ऊँचा दर्रा है, यहाँ से चीन को जाने वाली सड़क भी बनायी गयी है। जोजिला दर्रा जास्कर श्रेणी में स्थित है, इससे श्रीनगर से लेह का मार्ग गुजरता है। बनिहाल दर्रे से जम्मू से श्रीनगर जाने का मार्ग गुजरता है तथा जवाहर सुरंग भी बनिहाल दर्रे में है।

सिक्किम में स्थित नाथूला व जैलेप्ला दर्रे का व्यापक महत्व है, यहाँ से दार्जलिंग व चुम्बी घाटी से होकर तिब्बत जाने का मार्ग है।

**नोट–**थांगला, माना, नीति व लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड के कुमायूँ श्रेणी में स्थित है।

**104. Social studies teacher should have the knowledge of subject matter as well**
**सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय-वस्तु के साथ-साथ ज्ञान होना चाहिए–**

(a) Teaching methods/शिक्षण विधियों का
(b) Educational objectives/शिक्षा के उद्देश्यों का
(c) Teaching technology/शिक्षण तकनीक का
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (*) :** सामाजिक अध्ययन के अध्यापक को विषय वस्तु के साथ-साथ शिक्षण विधियों, शिक्षा के उद्देश्यों तथा शिक्षण तकनीक का भी ज्ञान होना चाहिए। जिस ढंग से शिक्षक शिक्षार्थी को ज्ञान प्रदान करता है उसे शिक्षण विधि कहते हैं।

शिक्षण की विधियाँ आगमन विधि आदि हैं।

| **शिक्षण विधि** | – | **प्रतिपादक** |
|---|---|---|
| मांटेसरी विधि | – | मारिया मांटेसरी |
| किंडर गार्टन विधि | – | फ्रोबेल |

**नोट–** इस प्रश्न में (a), (b) तथा (c) तीनों विकल्प सही है।

**105. The most useful teaching material for Geography is**
**भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री है–**

(a) Map/मानचित्र
(b) Calendar/कैलेण्डर
(c) Flash Card/फ्लैश कार्ड
(d) Barometer/बैरोमीटर



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (a) :** भूगोल शिक्षण हेतु सर्वाधिक उपयोगी सहायक सामग्री 'मानचित्र' है। मानचित्र पृथ्वी की सतह या इसके एक भाग का पैमाने के माध्यम से चपटी सतह पर खींचा गया चित्र है। मानचित्र विभिन्न प्रकार के होते हैं।

**भौतिक मानचित्र–**पृथ्वी की प्राकृतिक आकृतियों जैसे–पर्वत, पठार, नदियाँ, मैदान महासागरों इत्यादि को दर्शाने वाले मानचित्रों को भौतिक या उच्चावच मानचित्र कहा जाता है।

**थिमैटिक मानचित्र–**कुछ मानचित्र विशेष जानकारियां प्रदान करते हैं जैसे सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र, वन तथा उद्योगों आदि के वितरण दर्शाने वाले मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहा जाता है।

**नोट–**मानचित्र के तीन घटक है–

1. दूरी 2. दिशा 3. प्रतीक

**106. 'Ashtadhyayee' was written by**
**'अष्टाध्यायी' के लेखक थे–**

(a) Panini/पाणिनि (b) Vedavyas/वेदव्यास
(c) Shukadeva/शुकदेव (d) Valmiki/वाल्मीकि

**Ans. (a) :** अष्टाध्यायी के लेखक पाणिनी हैं–

| **पुस्तक** | **–** | **लेखक** |
|---|---|---|
| महाभारत | – | वेद व्यास |
| रामायण | – | वाल्मीकि |
| पंचतंत्र | – | विष्णु शर्मा |
| प्रेमवाटिका | – | रसखान |
| दशकुमार चरितम् | – | दण्डी |
| अष्टाध्यायी | – | पाणिनी |
| मुद्राराक्षस | – | विशाखदत्त |
| अर्थशास्त्र | – | चाणक्य (विष्णुगुप्त) |

**107. The Second Buddhist Council was held during the reign of/द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन किसके राज्यकाल में हुआ था?**

(a) Mahapadmananda/महापद्मानन्द
(b) Udayabhadra/उदयभद्र
(c) Shishunaga/शिशुनाग
(d) Kalashoka/कालाशोक

**Ans. (d) :** द्वितीय बौद्ध संगीति का आयोजन कालाशोक के राज्यकाल में हुआ था। बौद्ध सभाएँ जो आयोजित की गयी।

| सभा | समय | स्थान | अध्यक्ष | शासनकाल |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम बौद्ध संगीति | 483 ई.पू. | राजगृह | महाकस्सप | अजातशत्रु |
| द्वितीय बौद्ध संगीति | 383 ई.पू. | वैशाली | सुबुकामी | कालाशोक |
| तृतीय बौद्ध संगीति | 251 ई.पू. | पाटिलपुत्र | मोगलिपुत्त तिस्स | अशोक |
| चतुर्थ बौद्ध संगीति | ई. की प्रथम शताब्दी | कुण्डलवन (कश्मीर) | वासुमित्र/ अश्वघोष | कनिष्क |

**नोट–**चतुर्थ बौद्ध संगीति के बाद बौद्ध धर्म दो भागों में हीनयान एवं महायान में विभाजित हो गया।

**108. Akbar constructed 'Ibadat-Khana' in**
**अकबर ने 'इबादत खाना' का निर्माण करवाया था–**

(a) Fathehpur Sikri/फतेहपुर सीकरी में
(b) Agra/आगरा में
(c) Delhi/दिल्ली में
(d) Sikandara/सिकंदरा में

**Ans. (a) :** अकबर ने इबादतखाना का निर्माण फतेहपुर सीकरी में करवाया था, जिसका अर्थ पूजा का घर होता है। इसका निर्माण 1575 ई. में किया गया था। इबादत खाना में अकबर विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ चर्चा करते थे।

| इमारत | निर्माणकर्ता | स्थान |
|---|---|---|
| ताजमहल | शाहजहाँ | आगरा |
| लाल किला | शाहजहाँ | दिल्ली |
| अकबर का मकबरा | जहांगीर | सिकन्दरा |
| पुराना किला | शेरशाह सूरी | दिल्ली |
| शालीमार बाग | जहांगीर | श्रीनगर |
| कुतुबमीनार | कुतुबुद्दीन ऐबक | दिल्ली |
| ढाई दिन का झोपड़ा | कुतुबुद्दीन ऐबक | अजमेर (राजस्थान) |
| अकबर का किला | अकबर | इलाहाबाद |

**109. The Arya Samaj was founded in the year**
**आर्य समाज की स्थापना हुई थी–**

(a) 1870 A.D./1870 ई. में
(b) 1865 A.D./1865 ई. में
(c) 1875 A.D./1875 ई. में
(d) 1880 A.D./1880 ई. में

**Ans. (c) :** आर्य समाज की स्थापना 1875 ई. में मुम्बई में हुयी थी। इसकी स्थापना स्वामी दयानन्द सरस्वती ने की थी।

| संस्थाएं | स्थापना वर्ष | संस्थापक |
|---|---|---|
| ब्रह्म समाज | 1828 | राजाराम मोहन राय |
| सत्यशोधक समाज | 1873 | ज्योतिबा फुले |
| वेलूर मठ | 1897 | स्वामी विवेकानन्द |
| रामकृष्ण मिशन | 1897 | स्वामी विवेकानन्द |
| अभिनव भारत संस्था | 1904 | विनायक दामोदर सावरकर |
| सर्वेन्ट ऑफ इण्डिया सोसाइटी | 1905 | गोपाल कृष्ण गोखले |
| गदर पार्टी | 1913 | लाला हरदयाल |
| स्वराज पार्टी | 1923 | मोतीलाल नेहरू चितरंजन दास |
| फॉरवर्ड ब्लॉक | 1939 | सुभाष चन्द्र बोस |



www.SarkariTeachers.com

**110. Who among the following was not associated with Kakori case?**
**निम्न में से कौन काकोरी कांड से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) Rajendra Lahiri/राजेन्द्र लाहिड़ी
(b) Ramprasad Bismil/रामप्रसाद बिस्मिल
(c) Ashfaqullah Khan/अशफाकउल्ला खाँ
(d) Surya Sen/सूर्य सेन

**Ans. (d) :** काकोरी कांड से सूर्य सेन सम्बन्धित नहीं हैं जबकि राजेन्द्र लाहिड़ी, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ काकोरी कांड से सम्बंधित हैं। हाल ही में उ.प्र. सरकार ने काकोरी कांड का नाम बदलकर काकोरी ट्रेन एक्शन कर दिया। इसका नाम इसलिए बदल दिया गया कि कांड शब्द सही भावना को नहीं दर्शाता है। यह घटना 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी नामक गांव में ब्रिटिश राज के खिलाफ भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के क्रांतिकारियों द्वारा की गयी थी।

**नोट–**सूर्य सेन चटगाँव शस्त्रागार लूट (18 अप्रैल 1930) से सम्बन्धित थे। बंगाल के सूर्यसेन (मास्टर दा) ने अंग्रेजों के विरूद्ध प्रबल क्रांतिकारी आन्दोलन का नेतृत्व किया।

**111. Which one of the following is the most suitable teaching aid to show proportionate size and shape of continents?**
**निम्नांकित में से कौन-सी शिक्षण सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त है?**

(a) Physical map of the world
विश्व का प्राकृतिक मानचित्र
(b) Political map of the world
विश्व का राजनैतिक मानचित्र
(c) Globe/ग्लोब
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (c) :** 'ग्लोब' एक सहायक शिक्षण सामग्री है। जिसका प्रयोग महाद्वीपों के आनुपातिक क्षेत्र एवं आकार को दर्शाने में सर्वाधिक उपयुक्त हैं। ग्लोब पृथ्वी का लघु रूप में एक वास्तविक प्रतिरूप है। ग्लोब पर देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दिखाया जाता है।

भौतिक मानचित्र वो मानचित्र होते हैं जो पृथ्वी की प्राकृतिक विशेषताओं को दर्शाता है, जैसे पर्वत, पठार, मैदान, महासागर, नदियाँ आदि।

राजनीतिक मानचित्र वो मानचित्र होते हैं जिसमें देशों, राज्यों, कस्बों, और शहरों का प्रतिनिधित्व उनकी राजनीतिक सीमाओं के साथ किया जाता है।

**थिमैटिक मानचित्र**–कुछ मानचित्र विशेष जानकारियां प्रदान करते हैं- जैसे सड़क मानचित्र, वर्षा मानचित्र आदि इस प्रकार के मानचित्र को थिमैटिक मानचित्र कहते हैं।

**नोट–**मानचित्र के तीन घटक हैं–दूरी, दिशा और प्रतीक

**112. The suitable method of geography teaching is**
**भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि है–**

(a) Discussion method/वार्तालाप विधि
(b) Tour method/भ्रमण विधि
(c) Story method/कहानी विधि
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** भूगोल शिक्षण की उपयुक्त विधि भ्रमण विधि है। भ्रमण विधि एक बाल केन्द्रित शिक्षण विधि है इस विधि में छात्र हमेशा सक्रिय रहते हैं। भ्रमण विधि द्वारा बालक विषय वस्तु का अवलोकन करते हैं। इस विधि से बच्चों में अवलोकन, कल्पना, तर्क, टिप्पणी एवं निरीक्षण क्षमता जैसे कौशलों का विकास होता है। वार्तालाप विधि या बातचीत मनुष्य द्वारा समाज में परस्पर सम्पर्क करने का एक बहुपक्षीय और स्वाभाविक माध्यम है इससे मनुष्य अपने विचारों का आदान प्रदान करता है। कहानी/कथन विधि सामाजिक अध्ययन शिक्षण की एक महत्वपूर्ण विधि है इसके माध्यम से शिक्षक छात्रों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है। यह विधि मनोवैज्ञानिक विधि है।

**नोट–**भ्रमण विधि के जनक पेस्टोलॉजी हैं।

**113. A universal language of the map can be understood by way of/मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को समझा जा सकता है–**

(a) Conventional symbols/रूढ़ चिह्नों से
(b) Sketch/रेखाचित्रों से
(c) Alphabets/वर्णमाला के अक्षरों द्वारा
(d) Thematic maps/थीमैटिक मानचित्रों से

**Ans. (a) :** मानचित्र को समझने की सर्वव्यापी भाषा को रूढ़ चिन्हों से समझा जा सकता है। रूढ़ चिन्हों से तात्पर्य उन चिन्हों से होता है, जो अलग-अलग भौतिक और सांस्कृतिक संरचनाओं को प्रदर्शित करने के लिए निर्मित किये जाते हैं। यह चिन्ह किसी विशिष्ट संरचना या विशिष्ट संकेत आदि को प्रदर्शित करने के लिए बनाये जाते हैं और उसी संदर्भ में रूढ़ हो जाते हैं, इसीलिए इन्हें 'रूढ़ चिन्ह' कहा जाता है। जैसे सड़क के किनारे लगे साइन बोर्ड पर यातायात के अलग-अलग चिन्ह, नक्शे आदि पर नदी, तालाब, पेड़, सड़क आदि को प्रदर्शित करने के लिए बनाये जाने वाले चिन्ह।

**114. U-shaped valley is formed by**
**यू-आकार की घाटी का निर्माण होता है**

(a) River/नदी द्वारा
(b) Glacier/हिमनदी द्वारा
(c) Winds/पवन द्वारा
(d) Sea waves/सागरीय तरंगों द्वारा



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (b) :** यू-आकार की घाटी का निर्माण 'हिमनद' द्वारा होता है। ऊँचाई पर स्थित हिमानियों के पार्श्व अपरदन के कारण इस प्रकार की घाटी का निर्माण होता है, इसका निचला तल चौड़ा एवं चपटा तथा किनारे खड़े होते हैं जिसके कारण इसका आकार U अक्षर के समान प्रतीत होता है।

**V आकार की घाटी**–V आकार की घाटी पर्वतीय क्षेत्रों में पायी जाती है, V आकार की घाटी का निचला भाग भीतरी समोच्च रेखाओं के द्वारा दिखाया जाता है जो पास-पास स्थित होते हैं तथा जिनके समोच्च का मान कम होता है, बाहर की ओर स्थित समोच्च रेखाओं का मान एक समान रूप से बढ़ता है।

**जलप्रपात**–किसी नदी तल पर काफी ऊँचाई से पानी का उर्ध्वाधर गिरना जलप्रपात कहलाता है।

**रैपिड**–कभी-कभी जल प्रपात सोपानी धारा के रूप में गिरता है रैपिड कहलाता है।

**115. The capital of Australia is**
**आस्ट्रेलिया की राजधानी है–**

(a) Canberra/कैनबरा
(b) Sydney/सिडनी
(c) Melbourne/मेलबोर्न
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** आस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा है।

| देश | राजधानी | मुद्रा |
|---|---|---|
| न्यूजीलैण्ड | वेलिंगटन | डॉलर |
| टोंगा | नुकोअलाफा | पांग |
| वानाआतू | पोर्टविला | वातू |
| पापुआ न्युगिनी | पोर्टमोरेस्बी | किना |
| पलाऊ | अुरुलमडु | U.S.A डॉलर |
| डोमिनियन गणतन्त्र | सैटो डोमिंगो | पीसो |
| एंटीगुआ व बरबुड़ा | सेन्ट जॉन्स | कोलन |
| प्यूटोरिको | सान जुआन | डॉलर |
| हैती | पोर्ट ओ-प्रिंस | गोर्डे |

**116. Who is the founder of Din-i-Ilahi?**
**दीन-ए-इलाही की स्थापना किसने की?**

(a) Humayun/हुमायूँ
(b) Muhammad Gajanavi/मुहम्मद गजनवी
(c) Akbar/अकबर
(d) Shershah Suri/शेरशाह सूरी

**Ans. (c) :** दीन-ए-इलाही की स्थापना अकबर ने 1582 ई. में की थी। यह विभिन्न धर्मों के बीच मतभेद की खाई को भरने के लिये चलाया गया था। यह एक ईश्वर में विश्वास करता था। इसमें सभी धर्मों के अच्छे तत्व समाहित थे। हुमायूँ ने दीनपनाह नगर की स्थापना की थी। हुमायूँनामा की रचना गुलबदन बेगम ने की थी। महमूद गजनवी के भारतीय आक्रमण का मुख्य उद्देश्य धन की प्राप्ति था, वह एक मूर्तिभंजक आक्रमणकारी था, इसका सबसे चर्चित आक्रमण 1025 ई. में सोमनाथ मन्दिर का आक्रमण था। शेरशाह का मकबरा सासाराम में है। रोहताश गढ़ किला, किला-ए-कुहना नामक मस्जिद का निर्माण शेरशाह के द्वारा किया गया था।

**117. In whose region did Hsuan-tsang come to India?**
**ह्वेन सांग किसके शासन काल में भारत आया था?**

(a) Chandragupta Vikramaditya
चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(b) Samudragupta/समुद्रगुप्त
(c) Harshvardhan/हर्षवर्धन
(d) Skandgupta/स्कन्दगुप्त

**Ans. (c) :** ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में आया था। यह 629-645 ई. के बीच भारत में रहा, वह नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन करने तथा बौद्ध ग्रन्थों को एकत्र कर ले जाने के लिये आया था। इसका भ्रमण वृतान्त सी-यू-की के नाम से प्रसिद्ध है। फाहियान गुप्त नरेश चन्द्रगुप्त द्वितीय (चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य) के दरबार में आया था। इसने अपने विवरण में म.प्र. की जनता को सुखी एवं समृद्ध बताया।

डाइमेकस सीरियन नरेश आन्तियोकस का राजदूत था, जो बिन्दुसार के दरबार में आया था।

डायोनिसियस- यह मिस्र नरेश टॉलमी फिलाडेल्फस का राजदूत था जो अशोक के दरबार में आया था।

मार्कोपोलो इटली का यात्री था यह पाण्ड्य देश की यात्रा पर आया था।

तारानाथ एक तिब्बती लेखक था।

**118. Who among the following emperors was called 'Qalandar'?/निम्नलिखित बादशाहों में से किसे 'कलन्दर' कहा जाता है?**

(a) Humayun/हुमायूँ
(b) Babur/बाबर
(c) Akbar/अकबर
(d) Shahjahan/शाहजहाँ

**Ans. (b) :** मुगल बादशाह बाबर को 'कलन्दर' कहा जाता है। बाबर का जन्म 1483 ई. में हुआ था। पिता का नाम उमरशेख मिर्जा था जो फरगना के शासक थे। बाबर ने ही मुगल वंश की स्थापना की थी बाबर ने बादशाह की उपाधि धारण की थी। पानीपत के प्रथम युद्ध में बाबर ने पहली बार तुलुगमा युद्ध नीति एवं तोपखाने का प्रयोग किया था। उस्ताद अली एवं मुस्तफा बाबर के दो प्रसिद्ध तोपची (तोप चलाने वाले) थे जिसने पानीपत के प्रथम युद्ध में भाग लिया था।

- बाबर को अपनी उदारता के लिये कलन्दर की उपाधि दी गयी।
- खानवा के युद्ध (1527 ई.) में बाबर ने राणासांगा के खिलाफ जिहाद का नारा दिया।

**नोट**–बाबर ने उसकी आत्मकथा बाबरनामा (तुजुक-ए-बाबरी) की रचना तुर्की में की थी। जिसका बाद में अनुवाद फारसी भाषा में अब्दुलरहीम खान खाना ने किया।



www.SarkariTeachers.com

119. **The Governor General, who partitioned Bengal was**
**बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर जनरल था–**
(a) Canning/कैनिंग (b) Curzon/कर्जन
(c) Minto/मिंटो (d) Mayo/मेयो

**Ans. (b) :** बंगाल का विभाजन करने वाला गवर्नर जनरल लार्ड कर्जन था। कर्जन ने 19 जुलाई 1905 में बंगाल प्रेसीडेंसी के विभाजन की घोषणा की। अंततः वर्ष 1911 में बढ़ते विरोध के कारण लार्ड हार्डिंग द्वारा बंगाल विभाजन को रद्द करने की घोषणा की गयी।

- लार्ड कैनिंग के समय की सबसे महत्वपूर्ण घटना 1857 का क्रांति थी।
- लार्ड मिंटो के समय में अलग निर्वाचन व्यवस्था मार्ले मिन्टो सुधार अधि. 1909 द्वारा किया गया।
- लार्ड मेयो के समय में प्रथम जनगणना 1872 में करवायी गयी।

**नोट–**फ्लोरेंस नाइटिंगेल ने रिपन को 'भारत के उद्धारक' की संज्ञा दी।

120. **Kunwar Singh was the Zamindar of which State?/कुँवर सिंह किस राज्य के जमींदार थे?**
(a) Jagdishpur/जगदीशपुर (b) Barrack-pore/बैरकपुर
(c) Avadh/अवध (d) Bitthore/बिठूर

**Ans. (a) :** कुँवर सिंह जगदीशपुर राज्य के जमींदार थे। 1857 की क्रांति में जगदीशपुर, बैरकपुर, अवध, बिठूर का कुछ न कुछ अपना एक महत्व था। जैसे जगदीशपुर का नेतृत्व कुँवर सिंह ने किया था, 1857 की क्रांति का तात्कालिक कारण गाय और सुअर की चर्बी लगे कारतूस थे। 29 मार्च 1857 को मंगल पाण्डे नामक एक सैनिक ने गाय की चर्बी मिले कारतूसों को मुँह से काटने से स्पष्ट मना कर दिया, 10 मई 1857 ई. के दिन मेरठ की पैदल टुकड़ी 20 N.I. से 1857 की क्रांति की शुरुआत हुयी। दिल्ली का नेतृत्व बहादुरशाह जफर ने किया था, लखनऊ का नेतृत्व बेगम हजरत महल ने किया था।

**नोट–**1857 ई. की क्रांति के समय भारत का गवर्नर जनरल लार्ड कैनिंग एवं इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री पामर्स्टन थे।

121. **How many Suddh and Vikrit swaraas total are there in Hindustani Sangeet?**
**हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर कितने स्वर होते हैं?**
(a) 08/आठ (b) 12/बारह
(c) 07/सात (d) 11/ग्यारह

**Ans. (b) :** हिन्दुस्तानी संगीत में शुद्ध और विकृत कुल मिलाकर 12 स्वर होते हैं। एक सप्तक में 7 शुद्ध और 5 विकृत कुल 12 स्वर माने गये हैं। शुद्ध स्वर निश्चित स्थान पर रहता है तो शुद्ध स्वर कहलाता है। शुद्ध स्वर 7 माने गये हैं–

षड़ज – सा
ऋषभ – रे
गांधार – ग
मध्यम – म
पंचम – प
धैवत – ध
निषाद – नी

विकृत स्वरों की संख्या 5 है
कोमल स्वर– रे, ग, ध, नी
तीव्र स्वर– म

122. **With which Gayald Char Taal is used?**
**चार ताल का प्रयोग किस गायकी के साथ किया जाता है?**
(a) Tarana/तराना (b) Dhamar/धमार
(c) Dhrupad/ध्रुपद (d) Khyal/ख्याल

**Ans. (c) :** 'चार ताल' का प्रयोग ध्रुपद गायकी के साथ किया जाता है। ध्रुपद हिन्दुस्तानी संगीत के सबसे पुराने और भव्य रूपों में से एक है। अकबर के शासनकाल में तानसेन और बैजूबावरा से लेकर राजा मानसिंह तोमर के दरबार तक ध्रुपद गाने वाले मिलते हैं। ध्रुपद एक काव्यात्मक रूप है, इसमें संस्कृत अक्षरों का प्रयोग किया जाता है।

**तराना –** यह एक कर्कश प्राकृतिक राग हैं। अमीर खुसरों को इस विधा का जनक माना जाता है।

**ख्याल–**शब्द फारसी का शब्द है, इसका अर्थ होता है विचार या कल्पना। इस शैली के उद्भव का श्रेय अमीर खुसरो को दिया जाता है। ख्याल को शास्त्रीय स्वरूप प्रदान करने का श्रेय सदानन्द नियामत खाँ को है।

123. **Amongst these who is not a "Tabla Player"**
**इनमें से कौन 'तबला वादक' नहीं है?**
(a) Zakir Husain/ज़ाकिर हुसैन
(b) Pt. Kishan Maharaj/पं. किशन महाराज
(c) Ram Das Sharma/राम दास शर्मा
(d) Ahmed Jan Thirakwa/अहमद जान थिरकवा

**Ans. (c) :** रामदास शर्मा तबला वादक नहीं है जबकि जाकिर हुसैन, पं. किशन महाराज, अहमद जान थिरकवा तबला वादक हैं।

| भारत के प्रमुख वाद्य यन्त्र | वादक |
|---|---|
| सितार | पंडित रविशंकर, निखिल बनर्जी, विलायत खां |
| तबला | जाकिर हुसैन, गुदई महाराज, किशन महाराज |
| बांसुरी | पन्नालाल घोष, हरिप्रसाद चौरसिया, राजेन्द्र कुलकर्णी |
| सरोद | अमजद अली खां, अली अकबर खां |
| शहनाई | बिस्मिल्ला खां, अली अहमद हुसैन खां |
| संतूर | भजन सोपारी, शिवकुमार शर्मा |
| मृदंग | ठाकुर भीकम सिंह, पालधार रघु |
| सारंगी | उस्ताद बिन्दु खां, राम नारायण, गोपाल मिश्र |
| वीणा | एस बालचन्द्रन, बदरूद्दीन डागर |



www.SarkariTeachers.com

**124. Where was first "National Games" Organised?**
**प्रथम ''राष्ट्रीय खेल'' कहाँ आयोजित हुये?**

(a) Mumbai/मुम्बई (b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Kolkata/कोलकाता (d) Chennai/चेन्नई

**Ans. (a) :** 1940 में बाम्बे (मुम्बई) में प्रथम राष्ट्रीय खेल का आयोजन किया गया था। प्रत्येक दो वर्ष बाद राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जाता है। इन खेलों को भारतीय ओलम्पिक खेल के नाम से भी जाना जाता है। भारत पहली बार 1920 में ओलम्पिक खेलों में भाग लिया। 1924 के ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के चयन हेतु पहला भारतीय ओलम्पिक खेल 1924 में लाहौर में आयोजित किया गया। इसी खेल का नौवाँ संस्करण मुम्बई में 1940 में आयोजित किया गया, जिसमें इसे राष्ट्रीय खेल नाम दिया गया।

पहला आधुनिक राष्ट्रीय खेल 1985 में नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

**125. "Today India does not need Geeta but needs a football ground." This thought was given by which Thinker?/''आज भारत को गीता की नहीं, बल्कि फुटबाल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह किस विचारक ने प्रस्तुत किया है?**

(a) Swami Vivekanand/स्वामी विवेकानन्द
(b) Radhakrishnan/राधाकृष्णन
(c) Pluto/प्लेटो
(d) Rousseau/रूसो

**Ans. (a) :** ''आज भारत को गीता की नहीं बल्कि फुटबाल के मैदान की आवश्यकता है।'' यह विचार स्वामी विवेकानन्द जी का है।

''शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूँसे, बल्कि वास्तविक शिक्षा तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिये तैयार करे''– **सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

''अपने जीवन के संरक्षण के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जान जोखिम में डालने का अधिकार है''– **रूसो**

**126. Progeny of nucleus seed is**
**केन्द्रिक बीज की संतति है–**

(a) Foundation seed/आधारीय बीज
(b) Breeder seed/प्रजनक बीज
(c) Certified seed/प्रमाणित बीज
(d) Registered seed/पंजीकृत बीज

**Ans. (b) :** 'प्रजनक बीज' केन्द्रीय बीज (Breeder seed) की संतति है। आनुवंशिक शुद्धता का उत्पादन और उन कृषकों को उपलब्ध होना, उत्तम बीजों के उत्पादन पर निर्भर रहता है, प्रजनक बीज उत्पादन का कार्य भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्रों व राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाता है इस बीज की थैली पर सुनहरे पीले रंग का बीज के विवरण का लेबिल लगा होता है।

**आधार बीज (Foundation Seed)–**यह बीज प्रजनक बीज की संतति होती हैं जिसे बीज प्रमाणीकरण संस्था की देखरेख में निर्धारित मानकों पर पाये जाने पर प्रमाणित किया जाता है। आधार बीज की थैलियों पर सफेद रंग का प्रमाणीकरण टैग (लेबिल) लगा होता है।

**प्रमाणित बीज (Certified seed)–**आधार बीज से द्विगुणन कर प्रमाणित बीज तैयार किया जाता है। जिसे बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने पर प्रमाणित किया जाता है। प्रमाणित बीज की थैलियों पर नीले रंग का टैग लगा होता है।

**127. Central Institute of Medicinal and Aromatic Plant is situated at**
**केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान स्थित है–**

(a) New Delhi/नई दिल्ली
(b) Hyderabad/हैदराबाद
(c) Bhopal/भोपाल
(d) Lucknow/लखनऊ

**Ans. (d) :** केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान लखनऊ में स्थित है।

| भारत के प्रमुख संस्थान | स्थान |
|---|---|
| भारतीय मौसम विज्ञान संस्थान | नई दिल्ली |
| राष्ट्रीय भू-भौतिकी अनुसंधान संस्थान | हैदराबाद |
| राष्ट्रीय धातु विज्ञान प्रयोगशाला | जमशेदपुर |
| केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान | रूड़की |
| राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान | पणजी |
| केन्द्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान | नागपुर |
| भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग | कोलकाता |

**128. The most suitable fruit for marmalad making is/मार्मलेड बनाने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त फल है–**

(a) Jamun/जामुन (b) Banana/केला
(c) Malta/माल्टा (d) Bael/बेल

**Ans. (c) :** मार्मलेड बनाने के लिये सर्वाधिक उपयुक्त फल माल्टा है। माल्टा नीबू प्रजाति का खुशबूदार एंटी ऑक्सीडेंट और शक्ति वर्धक फल है। इसका रस ही नहीं बल्कि इसका छिलका भी कारगर है। माल्टा के सेवन से गुर्दे की पथरी दूर होती है, चिकित्सक पथरी के रोगियों को माल्टा का जूस पीने की सलाह देते हैं। माल्टा सिट्रस परिवार का फल है, जिसमें विटामिन C पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। जामुन खाने से शुगर के रोगी को फायदा होता है, यह रक्त के अन्दर शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करता है। डायबिटीज के रोगी को प्रतिदिन जामुन के या चूर्ण का सेवन करना चाहिए। जामुन की गुठली ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करती है।

**129. Central Food Technological Research Institute is situated at**
**केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान स्थित है–**

(a) Maharashtra/महाराष्ट्र
(b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Karnataka/कर्नाटक
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं



www.SarkariTeachers.com

**Ans. (c) :** केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान मैसूर (कर्नाटक) में स्थित है।

| शोध संस्थान | स्थान |
|---|---|
| टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च | मुम्बई (महाराष्ट्र) |
| भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | नई दिल्ली |
| भारतीय पेट्रोलियम संस्थान | देहरादून |
| केन्द्रीय भवन निर्माण अनुसंधान संस्थान | रुड़की |
| उच्च अक्षांश अनुसंधान प्रयोगशाला | गुलमर्ग |
| केन्द्रीय जूट प्रौद्योगिकी अनुसंधान | कोलकाता (बैरकपुर) |
| कोशिकीय तथा आण्विक जीव विज्ञान केन्द्र | हैदराबाद |
| केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान | जलगोड़ा |
| केन्द्रीय खनन अनुसंधान संस्थान | धनबाद |

**130. Which preservative is used in Jelly making?**
**जैली बनाने में किस परिरक्षक का प्रयोग होता है?**

(a) Pectin/पेक्टिन
(b) Sugar/शर्करा
(c) Sulphite/सल्फाइट
(d) Sulphur dioxide/सल्फर डाईऑक्साइड

**Ans. (b) :** जैली बनाने में शर्करा परिरक्षक का प्रयोग होता है। जैम, जैली, एवं स्कवैश का परिरक्षण चीनी द्वारा किया जाता है। चीनी के प्रयोग से खाद्य पदार्थ की नमी में कमी आती है जो प्रदूषण करने वाले जीवाणुओं की वृद्धि को नियंत्रित करता है। पेक्टिन सेल की दीवार को संरचनात्मक अखंडता, शक्ति और लचीलापन भी प्रदान करता है जब पेक्टिन को चीनी के साथ गर्म किया जाता है तो उत्पाद मोटा होना शुरू हो जाता है, यह व्यापक रूप से जैम, जैली और मुरब्बा बनाने में किया जाता है। फलों के रस से जैली बनायी जाती है, जबकि फलों के गूदों से जैम बनाया है।

नमक एवं खाद्य तेल का उपयोग सूक्ष्म जीवों की वृद्धि रोकने के लिये सामान्य रूप से किया जाता है। अतः इन्हें परिरक्षण कहते हैं। सोडियम बेजोंइट तथा सोडियम मेटाबाईसल्फाइट सामान्य परिरक्षक हैं।

**131. Community Development Programme was started in the year**
**सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब शुरू किया गया?**

(a) 1955/1955 में (b) 1952/1952 में
(c) 1957/1957 में (d) 1960/1960 में

**Ans. (b) :** देश में सामुदायिक विकास कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1952 में शुरू किया गया। इसके पश्चात ग्रामीण भारत में निवास कर रहे लोगों को प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना 12 अप्रैल 2005 को प्रारंभ किया गया। वर्तमान में इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण देश में लागू किया गया है। ध्यातव्य है, कि वर्ष 2013-14 में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) तथा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) को मिलाकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) चालू किया गया। 2022-23 में NHM के लिए आवंटन ₹37 हजार करोड़ किया गया हैं।

**132. The Supreme Court of India enunciated the Doctrine of Basic structure of the Constitution in India/भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त दिया–**

(a) Sajjan Singh case/सज्जन सिंह के मामले में
(b) Shankari Prasad case/शंकरी प्रसाद के मामले में
(c) Golakh Nath case/गोलकनाथ के मामले में
(d) Keshwanand Bharti case
केशवानंद भारती के मामले में

**Ans. (d) :** भारत में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के बुनियादी ढाँचे का सिद्धान्त केशवानन्द भारती के मामले में दिया। केशवानन्द भारती मामले में 1973 में सर्वोच्च न्यायालय ने व्यवस्था दी थी कि अनुच्छेद 368 के तहत संसद को मिली संवैधानिक शक्ति संविधान के मूल ढाँचे को बदलने की अनुमति नहीं देता। स्वतन्त्रता के शुरुआती वर्षों में सर्वोच्च न्यायालय ने 'शंकरी प्रसाद बनाम भारत सरकार मामला (1951)' और 'सज्जन सिंह बनाम राजस्थान सरकार मामला (1965)' जैसे मामलों में निर्णय देते हुये संसद को संविधान में संशोधन करने की पूर्ण शक्ति प्रदान की गयी। 'गोलकनाथ बनाम पंजाब सरकार (1967)' मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि "संसद अनुच्छेद 368 के अधीन मौलिक अधिकारों को समाप्त या सीमित करने की शक्ति नहीं रखती।"

**133. Under which Article of the Indian Constitution, the Governor has the power to reserve a bill for the President's assent?**
**भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत राज्यपाल एक विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है?**

(a) Article 108/अनुच्छेद 108
(b) Article 52/अनुच्छेद 52
(c) Article 200/अनुच्छेद 200
(d) Article 213/अनुच्छेद 213

**Ans. (c) :** भारतीय संविधान के अनु. 200 के अन्तर्गत राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिये सुरक्षित रखने की शक्ति रखता है। संविधान के अनु. 155 के अनुसार राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति की मुहर लगे आज्ञापत्र के माध्यम से होती है।

- अनुच्छेद 52 में राष्ट्रपति का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 108 के अन्तर्गत किसी विधेयक पर संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) के मध्य गतिरोध की स्थिति में संविधान सभा द्वारा संयुक्त बैठक का प्रावधान किया गया है। संयुक्त बैठक राष्ट्रपति द्वारा बुलाई जाती है, तथा इसकी अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष करता है। अनु. 213 में राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति है जबकि राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति अनु. 123 में है।



www.SarkariTeachers.com

**134. The Vice-President of India is elected by the members of an electoral college consisting of**
**भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन निर्वाचक मण्डल द्वारा किया जाता है, जिसके सदस्य होते हैं–**

(a) All members of both Houses of Parliament
संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य

(b) All members of the Council of States
राज्य सभा के सभी सदस्य

(c) Elected members of both Houses of Parliament/संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य

(d) Elected members of the Council of States
राज्य सभा के निर्वाचित सदस्य

**Ans. (a) :** भारत के उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सभी सदस्य द्वारा किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 63 के अनुसार भारत का एक उपराष्ट्रपति होगा। उपराष्ट्रपति का पद देश का दूसरा सर्वोच्च पद होता है। उपराष्ट्रपति का पद अमेरिका के उपराष्ट्रपति के पद की तर्ज पर बनाया गया है। उपराष्ट्रपति को जनता द्वारा सीधे नहीं चुना जाता बल्कि परोक्ष विधि से चुना जाता है। वह संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के निर्वाचक मंडल द्वारा चुना जाता है। उपराष्ट्रपति पद के लिये उसे भारत का नागरिक होना चाहिए, वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो तथा राज्यसभा सदस्य बनने के लिय अर्हित हो।

**135. Which country is not the member of SAARC?**
**कौन-सा देश दक्षेस का सदस्य नहीं है?**

(a) Nepal/नेपाल (b) Bhutan/भूटान
(c) Bangladesh/बांग्लादेश (d) Japan/जापान

**Ans. (d) :** 'जापान' दक्षेस (SAARC) का सदस्य देश नहीं है, जबकि नेपाल, भूटान, बांग्लादेश दक्षेस के सदस्य देश हैं। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The south asian association for regional cooperation (SAARC)) की स्थापना 8 दिसम्बर 1985 को ढाका (बांग्लादेश) में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ की गयी। इस संगठन का मुख्यालय नेपाल के काठमाण्डू में स्थित है वर्तमान में सार्क के आठ सदस्य देश हैं– (1) अफगानिस्तान, (2) बांग्लादेश, (3) भूटान, (4) भारत, (5) नेपाल, (6) मालदीव, (7) श्रीलंका, (8) पाकिस्तान।
**नोट–**सार्क के वर्तमान महासचिव - एसेला रूवान वीराकून हैं।

**136. Saffron is obtained from**
**केसर प्राप्त किया जाता है–**

(a) Leaf/पत्ती से
(b) Bud/कलिका से
(c) Flower stigma/पुष्प वर्तिका से
(d) Calyx/बाह्य दलपुंज से

**Ans. (c) :** केसर पुष्प वर्तिका से प्राप्त किया जाता है। केसर का वनस्पतिक नाम क्रोकस सैटाइवस है। अंग्रेजी में इसे सैफरॉन के नाम से जाना जाता है। केसर एक सुगंध देने वाला पौधा है। इसके पुष्प की वर्तिकाग्र को केसर, कुंकुम, सैफ्रन आदि कहते हैं।
- लौंग फूल की कली से प्राप्त होता है।
- हेरोइन अफीम पोस्ता से प्राप्त होती है।
- लीची का खाने योग्य भाग - एरिल
- नारियल का खाने योग्य भाग - भ्रूणकोश
- नारंगी का खाने योग्य भाग - जूसी हेयर

**137. How many ribs are there in human body**
**मानव शरीर में कुल कितनी पसलियाँ होती हैं?**

(a) 26/छब्बीस (b) 22/बाईस
(c) 24/चौबीस (d) 28/अट्ठाईस

**Ans. (c) :** मानव शरीर में कुल 24 पसलियाँ होती हैं। पसलियाँ विशेष रूप से मुड़ी हुयी रहती हैं, वे वक्ष की अस्थि एवं मेरुदंड से जुड़कर एक बक्से की रचना करती हैं। इस शंकुरूपी बक्से को पसली पिंजर कहते हैं। वक्ष के दोनों तरफ 12-12 पसलियाँ होती हैं। हमारे शरीर के कुछ महत्वपूर्ण अंग इसमें सुरक्षित रहते हैं।
मनुष्य का कशेरुक दंड 33 कशेरुकों से मिलकर बना है। सभी कशेरुक उपास्थि गद्दियों के द्वारा जुड़े रहते हैं। इन गद्दियों से कशेरुक दण्ड लचीला रहता है। इसका पहला कशेरुक जो कि 'एटलस कशेरुक' कहलाता है, जो खोपड़ी को साधे रहता है।

**138. Which disease is prevented by T.A.B. vaccine?**
**टी.ए.बी. का टीका किस रोग से बचाव करता है?**

(a) Diphtheria/डिफ्थीरिया (b) Tuberculosis/तपेदिक
(c) Typhoid/मियादी बुखार (d) Pertussis/काली खाँसी

**Ans. (c) :** टी.ए.बी. का टीका मियादी बुखार से बचाव करता है। यह सालमोनेला टाइफी जीवाणु द्वारा फैलता है। इससे बुखार, कमजोरी तथा शरीर में दर्द होने लगते हैं। डिफ्थीरिया, कालीखाँसी और टिटेनस के लिए डी.टी.पी. का टीका लगाया जाता है। तपेदिक (टीबी) के लिए बी.सी.जी. का टीका लगाया जाता है।

**139. On which day in 'International Yoga Day' celebrated?**
**'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' किस दिन मनाया जाता है?**

(a) 20th June/20 जून (b) 21st June/21 जून
(c) 25th June/25 जून (d) 28th June/28 जून

**Ans. (b) :** 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' 21 जून को मनाया जाता है।

| | |
|---|---|
| विश्व शरणार्थी दिवस | 20 जून |
| विश्व युवा दिवस | 12 अगस्त |
| राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 जनवरी |
| विश्व वानिकी दिवस | 21 मार्च |
| प्रवासी दिवस | 9 जनवरी |
| राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 28 फरवरी |
| विश्व विरासत दिवस | 18 अप्रैल |
| विश्व श्रमिक दिवस | 1 मई |
| राष्ट्रीय खेल दिवस | 29 अगस्त |



www.SarkariTeachers.com

140. **In which clothes are resin starch used?**
**किन वस्त्रों में गोंद के कलफ का उपयोग होता है?**

(a) Cotton clothes/सूत्री वस्त्र
(b) Woolen clothes/ऊनी वस्त्र
(c) Silken clothes/रेशमी वस्त्र
(d) Nylon clothes/नायलॉन वस्त्र

**Ans. (c) :** रेशमी वस्त्र में गोंद के कलफ का उपयोग होता है। रेशम प्राकृतिक प्रोटीन से बना रेशा है।
रेशम के कुछ प्रकार के रेशों से वस्त्र बनाए जा सकते हैं। ये प्रोटीन रेशों में मुख्यतः फाइब्रोइन (Fibroin) होता है। ये रेशे कुछ कीड़ों के लार्वा द्वारा बनाया जाता है। सबसे उत्तम रेशा शहतूत के पत्तों पर पलने वाले कीड़ों के लार्वा द्वारा बनाया जाता है।

141. **When "Sports Day" is celebrated?**
**''खेल दिवस'' कब मनाया जाता है?**

(a) 29 August/29 अगस्त (b) 25 August/25 अगस्त
(c) 30 August/30 अगस्त (d) 31 August/31 अगस्त

**Ans. (a) :** खेल दिवस 29 अगस्त को मनाया जाता है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर खेल दिवस मनाया जाता है। 29 अगस्त 1905 को इनका जन्म हुआ था। शारीरिक गतिविधियों में शामिल होने के लिये खेल सबसे अच्छा तरीका है, तथा खेल तनाव और चिन्ता से मुक्ति प्रदान करता है।

| | |
|---|---|
| पृथ्वी दिवस | 22 अप्रैल |
| विश्व जनसंख्या दिवस | 11 जुलाई |
| हिन्दी दिवस | 14 सितम्बर |
| ओजोन परत संरक्षण दिवस | 16 सितम्बर |
| विश्व खाद्य दिवस | 16 अक्टूबर |
| बाल दिवस | 14 नवम्बर |
| विश्व युवा दिवस | 12 अगस्त |
| विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |

142. **Who is the author of the most prominent book on yoga "Yog Darshan"?/योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ ''योग दर्शन'' के लेखक कौन हैं?**

(a) Maharshi Narad/महर्षि नारद
(b) Maharshi Bharat/महर्षि भरत
(c) Maharshi Patanjali/महर्षि पतंजलि
(d) Maharshi Devdatt/महर्षि देवदत्त

**Ans. (c) :** योग के सम्बन्ध में प्रमुख ग्रन्थ ''योग दर्शन'' के लेखक महर्षि पतंजलि हैं।

| **प्रमुख ग्रन्थ** | **लेखक** |
|---|---|
| नारद पांचरात्र | महर्षि नारद |
| चार्वाक | चार्वाक |
| सांख्य सूत्र | कपिल |
| न्याय | गौतम |
| पूर्वमीमांसा | जैमिनी |
| उत्तर मीमांसा | बादरायण |
| वैशेषिक | कणाद |
| अभिज्ञान शाकुन्तलम | कालिदास |
| प्रियदर्शिका | हर्ष |

143. **'Zein' protein is related to which crop?**
**'ज़ीइन' नामक प्रोटीन किस फसल से सम्बन्धित है?**

(a) Soybean/सोयाबीन से (b) Paddy/धान से
(c) Maize/मक्का से (d) Oat/जई से

**Ans. (c) :** ज़ीइन नामक प्रोटीन मक्का फसल से सम्बंधित है। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन तथा खनिज लवण के अलावा हमारे भोजन में आहारी रेशे और जल भी पाये जाते हैं। प्रोटीन दाल, सोयाबीन, मटर, राजमा, पनीर, अंडा में पाया जाता है, जो शरीर की वृद्धि करने में मदद करते हैं। प्रोटीन शब्द का नामकरण जे. मूल्डर ने 1840 में किया था। यह एक जटिल कार्बनिक यौगिक है। प्रोटीन जीवद्रव्य एवं ऊतकों के निर्माण में भाग लेते हैं बच्चों में प्रोटीन की कमी से क्वाशियोकर एवं मरास्मस नामक रोग हो जाता है। मक्का में व्हाइट बाइट एवं धान में खैरा रोग जस्ता की कमी के कारण होता है। मक्का फसल की उत्पत्ति मध्य अमेरिका में हुयी, जबकि सोयाबीन की उत्पत्ति चीन में हुयी। सोयाबीन के उत्पादन में म.प्र. प्रथम स्थान पर है।

144. **Which breed of cow is dual purpose?**
**गाय की कौन-सी नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है?**

(a) Jersey/जर्सी (b) Gir/गीर
(c) Sindhi/सिंधी (d) Tharparkar/थारपारकर

**Ans. (d) :** गाय की थारपारकर नस्ल दुकाजी उद्देश्य की है। यह गाय राजस्थान में जोधपुर और जैसलमेर में मुख्य रूप से पायी जाती है। इस नस्ल की गाय भारत की सर्वश्रेष्ठ दुधारू गायों में गिनी जाती है। इस गाय की उत्पत्ति स्थल 'मालाणी' (बाड़मेर) है। राजस्थान में इसे 'मालाणी' नस्ल के नाम से जाना जाता है।

145. **India has divided in how many Agro Climatic Zones?/भारत को कुल कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है?**

(a) 12 (b) 9
(c) 15 (d) 22

**Ans. (c) :** भारत को कुल 15 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया तथा उत्तर प्रदेश को कुल 9 कृषि जलवायु प्रदेशों में बाँटा गया है। भारत एक कृषि प्रधान देश है यहाँ की आधे से अधिक जनसंख्या कृषि व उससे सम्बन्ध कार्यों में लगी हुयी है। सामान्य रूप से भारत की कृषि पर चार प्रमुख कारकों का प्रभाव पड़ता है।

1. भौतिक कारक 2. संस्थागत कारक
3. संरचनात्मक कारक 4. राजनीति प्रशासनिक कारक

भारत की भौतिक संरचना, जलवायविक एवं मृदा सम्बन्धी विभिन्नताएँ ऐसी है जो यहाँ अनेक प्रकार की फसलों की कृषि को प्रोत्साहित करती है। यहाँ पर मुख्यतः तीन फसलें पैदा की जाती है।
1. रबी की फसल 2. खरीफ की फसल 3. जायद की फसल



www.SarkariTeachers.com

146. **Who is the writer of 'Rajpoot Painting'?**
**'राजपूत पेंटिंग' के लेखक कौन हैं?**

(a) Rai Krishna Das/राय कृष्ण दास
(b) Ananda K. Coomaraswamy
आनन्द के. कुमारस्वामी
(c) W.G. Archer/डब्ल्यू.जी. आर्चर
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (b) :** राजपूत पेंटिंग के लेखक आनन्द कुमार स्वामी हैं जिसे 1916 में लिखा था। जिसमें विभिन्न ऋतुओं का श्रृंगारिक चित्रण कर उनका मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों का अंकन किया गया है। राजपूत पेंटिंग में पहाड़ी चित्र शैली को भी शामिल किया गया है। इस शैली के अंतर्गत केवल राजस्थान की चित्रकला को ही स्वीकार करते हैं।

147. **Folk Art is associated with**
**लोक कला का सम्बन्ध है–**

(a) Painting/चित्रकला से
(b) Regional Art/क्षेत्रीय कला से
(c) Modern Art/आधुनिक कला से
(d) Pre-Historical Art/प्रागैतिहासिक कला से

**Ans. (b) :** लोक कला का सम्बन्ध क्षेत्रीय कला से है, लोक कला स्थानीय समुदाय की समग्र कलात्मक गतिविधि है, यह एक सामाजिक या जातीय समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित कला है जिन्होंने अपनी संस्कृति को संरक्षित किया है। बिहू नृत्य यह असम के कचारी व कहारी जनजातियों में प्रचलित हैं। घूमर राजस्थान का प्रचलित लोकनृत्य है जिसे भील जनजाति की स्त्रियां करती हैं। पाण्डवानी छत्तीसगढ़ में प्रचलित लोकनृत्य हैं।

**भारत की प्रमुख लोक कला–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रंगोली | - महाराष्ट्र | मांडणां | - राजस्थान |
| साथिया | - गुजरात | चौक पूरना | - उ.प्र. |
| गोदना | - बिहार | मेंहदी | - राजस्थान |
| अपहन | - बिहार | | |

148. **Geometrical design is called**
**ज्यामितीय डिज़ाइन कहते हैं–**

(a) Design made by geometrical forms
ज्यामितीय आकरों से बनी आकृति को
(b) Geometrical forms/ज्यामितीय आकारों को
(c) Design made in square/वर्ग में बनी डिज़ाइन को
(d) None of these/इनमें से कोई नहीं

**Ans. (a) :** ज्यामितीय डिजाइन ज्यामितीय आकारों से बनी आकृति को कहते हैं। ज्यामिती का एक लंबा बहुमूल्य इतिहास है शब्द ज्यामिती यूनानी शब्द जियोमीट्रोन (Geometron) का अंग्रेजी तुल्य है। जिया का अर्थ भूमि और मीट्रोन का अर्थ है-मापना। इतिहासकारों के अनुसार प्राचीन समय में ज्यामितीय अवधारणाएँ सम्भवतः कला, वास्तुकला, शिल्पकला और भूमि मापन की आवश्यकताओं के कारण विकसित हुयी। वैभवपूर्ण राज भवनों, मंदिरों, झीलों, बांधों और नगरों के निर्माणों कला और वास्तुकला या शिल्प ने इन अवधारणाओं को उजागर किया। किसी डिजाइन के संदेश या प्रसंग को विषय वस्तु कहा जाता है। ये प्रसंग ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि हो सकते हैं। डिजाइन का प्रयोजन या अनुप्रयोग प्रतिफल देना है।

149. **Aipan is associated with which State?**
**ऐपण का सम्बन्ध किस राज्य से है?**

(a) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश
(b) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(c) Maharashtra/महाराष्ट्र
(d) Uttarakhand/उत्तराखण्ड

**Ans. (d) :** 'ऐपण' का सम्बन्ध उत्तराखंड राज्य से है। मिथिला की चित्रकारी में 'मधुबनी' चित्रकला प्रसिद्ध है। अरचायी कलाओं में, कोहबर, ऐपण, अल्पना, रंगोली जैसे कलाएँ काफी प्रचलित हैं, इन कलाओं का सम्बन्ध शादी त्योहार और उत्सवों से है, इन्हें क्षेत्रीय भाषाओं में अलग-अलग नाम से जाना जाता है।

| | |
|---|---|
| राजस्थान - मडने | गुजरात - सतिया |
| महाराष्ट्र - रंगोली | बिहार - अरिकान |
| उ.प्र. - चौक पूरना | बंगाल - अल्पना |

**नोट–**दक्षिण भारत में इसे कोलम के नाम से जाना जाता है।

150. **How many total numbers of Shrutees are there in Hindustani Sangeet?/हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल कितनी संख्या मानी गई है?**

(a) 13/तेरह (b) 22/बाईस
(c) 12/बारह (d) 9/नौ

**Ans. (b) :** हिन्दुस्तानी संगीत में श्रुतियों की कुल संख्या 22 मानी गयी हैं। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का वह छोटे से छोटा नाद जो कानों को स्पष्ट सुनाई दे, व समझा जा सकें श्रुति कहलाता है। शास्त्रकार श्रुति की परिभाषा इस प्रकार करते हैं- ''श्रुयते इति श्रुतिः'' अर्थात जो आवाज कान को सुनाई दे वह श्रुति है।

**सप्तक–**सात स्वरों के समूह को जब एक क्रम में कहा जाता है अथवा लिखा जाता है तब उसे सप्तक कहते हैं, संक्षेप में हम कह सकते हैं कि सप्तक में सातों स्वर क्रमानुसार होते हैं। उदाहरण के लिये सा, रे, ग, म, प, ध, नी यह एक सप्तक है।

**कहरवा–**कहरवा ताल में 8 मात्राएँ होती हैं। कहरवा ताल चंचल प्रकृति का ताल है, इसका प्रयोग तबले, ढोलक आदि वाद्यों पर किया जाता है।

**मात्रा–**संगीत में समय नापने के लिये जिस इकाई का प्रयोग किया जाता है उसे मात्रा कहते हैं। मात्राओं के आधार पर तानों की रचना होती है।



www.SarkariTeachers.com